RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 152 • 23:09:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

# 40 मिलियन वैक्सीन खुराक इंडो-पैसिफिक देशों को देगा भारत: मोदी

## छठे क्वाड शिखर सम्मेलन में क्वाड कैंसर मूनशॉट की पहल




एजेंसी। वाशिंगटन

पीएम नरेंद्र मोदी ने छठे क्वाड शिखर सम्मेलन में क्वाड कैंसर मूनशॉट पहल के तहत 7.5 मिलियन डॉलर के सैंपलिंग किट्स, डिटेक्शन किट्स और वैक्सीन्स में योगदान का ऐलान किया है। इस पहल का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में गर्भाशिय-ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से लड़ना और लोगों की जान बचाना है। सम्मेलन का आयोजन डेलावेयर के विलमिंगटन में हुआ, जहां विश्व नेताओं ने इस गंभीर बीमारी के प्रति अपने-अपने योगदान की प्रतिबद्धता जताई, जो हर साल लाखों लोगों की जान लेती है। पीएम मोदी ने कहा कि क्वाड राष्ट्रों ने संयुक्त रूप से इस चुनौती का सामना करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को इस महत्वपूर्ण पहल के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति साझा संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कैंसर की देखभाल में एकीकृत दृष्टिकोण की जरुरत पर बल दिया, जिसमें रोकथाम, जांच, निदान और उपचार शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के अपने विजन पर जोर देते हुए कहा कि क्वाड पहल सिर्फ राष्ट्रों के लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए है। यह मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का वास्तविक सार है, जिसका उद्देश्य सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। भारत, जो पहले से ही एक किफायती सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम चला रहा है, इस क्षेत्र में अपना अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने को तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत ने सर्वाइकल कैंसर के लिए अपना टीका विकसित किया है और साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से नए उपचार प्रोटोकॉल पेश कर रहा है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भारत रेडियोथेरेपी उपचार और क्षमता निर्माण में भी सहयोग करेगा। प्रधानमंत्री ने 40 मिलियन वैक्सीन खुराक इंडो-पैसिफिक देशों को देने की भी घोषणा की, जिससे इस क्षेत्र के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। इसके साथ ही, उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल के लिए 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर के योगदान का ऐलान किया। इस पहल के जरिए से कैंसर की जांच, देखभाल और उपचार में डिजिटल तकनीक का उपयोग कर इच्छुक देशों को तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी।

## भारत और अमेरिका सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमत

### पीएम मोदी ने बाइडेन को तोहफे में दी चांदी की ट्रेन



**वाशिंगटन**। पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ने दोनों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपना अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने को तैयार है। मोदी का विजन वन अर्थ, वन हेल्थ है, और इसी भावना के साथ, भारत रेडियोथेरेपी ट्रीटमेंट और क्षमता निर्माण में सहयोग देने का भी आश्वासन दिया है। इस यात्रा ने न केवल भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाया, बल्कि सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर सहयोग की नई संभावनाओं को भी उजागर किया है। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को और गहरा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को एक अनूठी भेंट 92.5 फीसदी चांदी से बनी एक ट्रेन मॉडल दी। इस मॉडल को महाराष्ट्र के कारीगरों ने तैयार किया है, जो भारतीय रेलवे की समृद्ध विरासत और कला कौशल का अद्भुत उदाहरण है। इस ट्रेन मॉडल में दिल्ली और डेलावेयर को जोड़ने वाले शिलालेखों के साथ-साथ अंग्रेजी और हिंदी में भारतीय रेलवे लिखा गया है। यह न केवल ऐतिहासिक महत्व का प्रतीक है, बल्कि दोनों देशों के बीच की गहरी मित्रता को भी दर्शाता है। यह भेंट भारत की कला और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का एक प्रयास है।

## क्वाड देश के सदस्य साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ें: पीएम मोदी

एजेंसी। वॉशिंगटन





क्वाड समूह की बैठक अमेरिका में हो रही है। इस समूह की स्थापना अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की सोच का परिणाम है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों को देखते हुए, सवाल उठता है कि क्या नए राष्ट्रपति इस समूह को जारी रखेंगे। इस संदर्भ में, जो बाइडेन ने पीएम नरेंद्र मोदी के कंधों पर हाथ रखते हुए विश्वास दिलाया कि यह नवंबर के आगे भी चलता रहेगा। पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिन के अमेरिकी दौरे पर हैं और उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के बाद विलमिंगटन, डेलावेयर में आयोजित क्वाड सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में जापान के पीएम फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ भी शामिल हुए हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावी मैदान में हैं, जिसमें कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप प्रमुख हैं। जापान के पीएम किशिदा ने भी चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। इसका मतलब यह है कि अगले क्वाड समिट में केवल भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पुराने नेताओं के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि अमेरिका और जापान का प्रतिनिधित्व नए नेता करेंगे। पीएम मोदी ने 2025 में भारत में क्वाड लीडर्स के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करने की पेशकश की। उन्होंने अपने संबोधन में साझा किया कि एक स्वतंत्र, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र क्वाड की साझा प्राथमिकता है। मोदी ने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी है। ऐसे में, यह पूरी मानवता के लिए अहम है कि क्वाड के सदस्य साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ें। यह सम्मेलन केवल एक रणनीतिक बातचीत का मंच नहीं है, बल्कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए सामूहिक निर्णय लेने का एक अवसर भी है। पीएम मोदी की मेज़बानी की पेशकश और बाइडेन का आश्वासन इस समूह के भविष्य को लेकर उम्मीद जगाते हैं, भले ही आने वाले चुनावों में नेतृत्व में बदलाव हो। क्वाड की भूमिका और उसके भविष्य के लिए यह समय महत्वपूर्ण है, जिसमें सदस्य देशों को सामूहिक रूप से अपनी प्राथमिकताओं और प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रसाद में पशु चर्बी : प्रायश्चित के लिए 11 दिन के उपवास पर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण

**नई दिल्ली**। आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं फिल्म अभिनेता पवन कल्याण ने आज गुंटूर के श्री दशावतार वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा तपस्या शुरू की है। वह अगले 11 दिन व्रत रखेंगे और भगवान तिरुपति से क्षमा मांगेंगे। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में उपयोग होने वाले घी में पशु वसा होने के चलते उन्होंने पिछली सरकार की गलतियों की क्षमा प्राप्ति के लिए यह तपस्या करने का फैसला किया है। एक एक्स पोस्ट में उप मुख्यमंत्री कल्याण ने कहा कि हमारी संस्कृति, आस्था, विश्वास और श्रद्धा की धर्मधुरी श्री तिरुपति बालाजी धाम के प्रसाद में कुत्सित प्रयासों के तहत अपवित्रता का संचार करने की कोशिश की गई है। उससे वे व्यक्तिगत स्तर पर अत्यंत मर्माहत हैं और अंदर से अत्यंत छला गया महसूस कर रहे हैं। प्रभु वेंकटेश्वर से उनकी प्रार्थना है कि इस दुःख के क्षण में समस्त सनातनियों को अपनी कृपा से सबलता प्रदान करें। वे अभी इसी क्षण भगवन से क्षमा प्रार्थी हैं। इसके लिए प्रायश्चित दीक्षा हेतु वे प्रण सिद्ध कर रहे हैं और ग्यारह दिवसीय उपवास हेतु धर्म संकल्पित हो रहे हैं। ग्यारह दिवसीय प्रायश्चित दीक्षा के बाद एक और दो अक्टूबर को वे तिरुपति जाकर प्रभु के साक्षात दर्शन कर क्षमा मांगेंगे, विनती करेंगे और तब भगवन के समक्ष उनकी प्रायश्चित दीक्षा की पूर्णाहूति होगी।



### योगी पर विदेशी महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप

**प्रयागराज**। झूंसी स्थित क्रिया योग आश्रम व अनुसंधान संस्थान के संचालक योगी सत्यम पर कनाडा की एक महिला ने गंभीर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला ने अपनी शिकायत राष्ट्रीय महिला आयोग में दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि योगी सत्यम ने यौन क्रियाओं को आध्यात्मिक लाभ के रूप में बताकर उनका शोषण किया। महिला के अनुसार, वह 2001 के अंत में भारत आई थीं, जब वह अपने पति द्वारा धोखा दिए जाने के कारण मानसिक संकट से गुजर रही थीं। इसी दौरान योगी सत्यम ने उन्हें अपने आश्रम में आने के लिए बुलाया। जनवरी 2002 में वह लगभग एक महीने तक झूंसी स्थित आश्रम में रही। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान योगी सत्यम ने उन्हें संन्यासी बनने के लिए प्रेरित किया और अपनी क्रियायोग यात्रा में शामिल होने के लिए कहा। महिला ने दावा किया कि इस यात्रा के दौरान योगी सत्यम ने पहली बार उन पर यौन संबंध बनाने का दबाव डाला। इसके बाद, अमेरिका के दौरे के दौरान भी उन्होंने कई बार यौन शोषण का सामना किया। पीड़िता ने बताया कि हर बार यौन संबंध बनाने के बाद योगी सत्यम ध्यान और श्वांस संबंधी अभ्यास करने के लिए कहते थे, और उन्हें यह विश्वास दिलाने की कोशिश करते थे कि ये क्रियाएं आध्यात्मिक लाभ देती हैं। महिला ने राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है।



## कानपुर में ट्रैक पर छोटा गैस सिलेंडर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश नाकाम

एजेंसी। कानपुर



देश में ट्रेन पलटने की साजिशें लगातार हो रही हैं। जिन्हे बार बार नाकाम किया जा रहा है। अबकी बार दिल्ली- हावड़ा रेलमार्ग पर महाराजपुर के प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर छोटा गैस सिलेंडर रखकर ट्रेन पलटाने की घटना सामने आई है। हालांकि ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रैक के बीच में सिलेंडर रखा देख ट्रेन रोक दी, जिससे कोई हादसा नहीं हुआ। पुलिस और रेल अधिकारी मौके पर हैं। इससे पहले पनकी औद्योगिक क्षेत्र के पास साबरमती एक्सप्रेस का इंजन और 20 बोगी ट्रेन की पटरी से नीचे उतर गए थे। रेलवे ने बताया- गुड्स ट्रेन कानपुर से प्रयागराज की ओर आने के दौरान जब प्रेमपुर स्टेशन पर लूप लाइन पर आ रही थी तो गाड़ी में कार्यरत लोको पायलट देव आनंद गुप्ता एवं सहायक लोको पायलट सीबी सिंह ने सिग्नल से कुछ दूर पहले एक सिलेंडर रखा हुआ देखा।उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को सिलेंडर से पहले रोक लिया। इसके पश्चात रेलवे आईओडब्ल्यू, सुरक्षा बल सहित अन्य टीमों ने उसे सिलेंडर की जांच की और उसे ट्रैक से हटाया। यह घटना प्रेमपुर स्टेशन पर सुबह 5:50 की है इस सिलेंडर की जांच करने पर पता चला कि यह एक 5 लीटर का खाली सिलेंडर है जो की ट्रैक पर सिग्नल के थोड़ा पहले रखा हुआ था। इसी तरह कुछ दिनों पहले कानपुर कासगंज रेल मार्ग पर ट्रैक के बीच गैस सिलेंडर रखकर ट्रेन पलटाने की कोशिश हुई थी।

## मैं मोटी चमड़ी का नहीं, कोई चोर-भ्रष्टाचारी कहे तो फर्क पड़ता है मुझे

एजेंसी। नई दिल्ली

- केजरीवाल ने जंतर-मंतर पर सजी जनता की अदालत में कहा- मोदी ने ईमानदारी पर चोट की
- आप का मिशन दिल्ली का हुआ आगाज



हमने 10 वर्षों तक ईमानदारी से सरकार चलाई और जनता को तमाम सुविधाएं दीं। ऐसे में नरेंद्र मोदी को लगा इनसे जीतना है तो ईमानदारी पर चोट करो, इसलिए झूठे आरोप लगाकर हमारे मंत्रियों और नेताओं को चुन-चुन कर जेल में डाल दिया गया। यह बात दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने जंतर मंतर में आयोजित जनता की अदालत में कही। उन्होंने कहा कि मैं मोटी चमड़ी का नहीं हूं, इसलिए कोई चोर-भ्रष्टाचारी कहे तो मुझे फर्क पड़ता है। आम आदमी पार्टी ने रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनता की अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित कर रहे दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा देने का जिक्र करते हुए कहा, कि सीएम पद से इस्तीफा मैंने इसलिए दिया है क्योंकि मुझे कुर्सी की भूख नहीं है। पैसे नहीं कमाने, हम तो देश की राजनीती बदलने आए थे। उन्होंने आगे कहा कि नेता नहीं हूं मैं और मेरी चमड़ी भी मोटी नहीं है। इसलिए जब भाजपा वाले मुझे चोर और भ्रष्टाचारी कहते हैं तो मुझे फर्क पड़ता है, दुःख भी होता है। उन्होंने जनता की अदालत में आने का कारण बताते हुए कहा कि आज इसलिए मैं यहां पर आया क्योंकि अंदर से पीड़ित और दुःखी हूं। चंद दिनों में ही मुख्यमंत्री आवास भी छोड़ दूंगा। मेरे पास आज तो घर भी नहीं है, लेकिन लोगों का प्यार मुझे खूब मिला है। अब दिल्ली के अनेक लोग मैसेज करके कह रहे हैं कि आप मेरे घर में आकर रहो। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि यदि हमने भ्रष्टाचार किया होता तो 10 साल में 10 कोठी, घर बन जाते। उन्होंने कहा कि यह मामला इतनी जल्द खत्म नहीं होने वाला है।

ना जाने कितने दिनों तक चलेगा। तब तक भ्रष्टाचार के दाग के साथ मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठ सकता था। उन्होंने कहा कि इस दाग के साथ तो मैं जिंदा भी नहीं रह सकता। इसलिए इस्तीफा देकर मैंने जनता की अदालत में जाना उचित समझा है। केजरीवाल ने जनता के अदालत में कहा, कि यहां मौजूद दिल्ली की जनता बताए, यदि मैं बेईमान होता तो क्या बिजली फ्री कर पाता? बेईमान होता तो क्या महिलाओं का बस किराया फ्री कर पाता? क्या बेईमान होता तो बच्चों के स्कूल बना पाता? और क्या बेईमान होता तो इलाज मुफ्त करता? इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि जिन्हें लगता है कि नरेंद्र मोदी ने केजरीवाल के खिलाफ षड़यंत्र रचा है, तो वे सभी हाथ खड़ा करें। इसी के साथ उन्होंने कहा कि दिल्ली का आगामी चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है, यह मेरी प्रतिष्ठा से जुड़ा सवाल है। अगर दिल्ली वालों को लगता है कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया है, तो झाड़ू का बटन मत दबाना, लेकिन यदि आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है तो आम आदमी पार्टी के लिए वोट करना।

## संसद 23 और 24 सितंबर को 10वें सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन की मेजबानी करेगी

**नई दिल्ली**। 10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन 23 और 24 सितंबर 2024 को संसद भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, जो सीपीए भारत क्षेत्र के चेयरपर्सन भी हैं, इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के 46 पीठासीन अधिकारी–4 सभापति, 25 अध्यक्ष, 3 उपसभापति, 14 उपाध्यक्ष अपने राज्य के प्रधान सचिवों/सचिवों और अन्य अधिकारियों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन से पहले सीपीए भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति की बैठक होगी। सम्मेलन का विषय है "सतत और समावेशी विकास की प्राप्ति में विधायी निकायों की भूमिका। सीपीए भारत क्षेत्र का गठन 2004 में हुआ था। यह उन नौ सीपीए क्षेत्रों में शामिल है, जिन्हें तत्कालीन सीपीए एशिया क्षेत्र में से गठित किया गया था। इसमें भारत की संसद और 30 राज्य/संघ शासित प्रदेशों के विधानमंडलों सहित कुल 31 सदस्य शाखाएँ हैं।

## बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद




**जम्मू**। जम्मू जिले के आरएस पुरा सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ ने रात के समय संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाते हुए एक घुसपैठिये को सीमा क्षेत्र में बीएसएफ की बाड़ की ओर बढ़ते देखा। इसके बाद जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया। बीएसएफ के मुताबिक इस कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए, जिसमें दो पिस्तौल, दो मैगजीन, 20 9एमएम राउंड, एक एके राइफल, दो मैगजीन और 17 राउंड शामिल हैं। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस चुनावी प्रक्रिया में तीन चरणों में से पहला चरण हो चुका है, जबकि बाकी दो चरणों की वोटिंग अभी बाकी है। मतगणना 8 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए हैं। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान सर्दियों के आगमन से पहले नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ बढ़ाने के लिए हथियारों की खेप भेजने का प्रयास कर रहा है, ताकि बर्फबारी से दर्रे बंद होने से पहले गतिविधियाँ बढ़ाई जा सकें।

## पाक से बातचीत नहीं, आतंकवाद का खात्मा पहली प्राथमिकता

एजेंसी। जम्मू


- अमित शाह ने नौशेरा में चुनावी रैली के दौरान दिया सख्त संदेश



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पाकिस्तान को सख्त संदेश दे दिया है। इस रैली में शाह ने पाकिस्तान और आतंकवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं हो जाता, तब तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने कहा, कि अगर बात करनी है तो नौशेरा के शेरों से करेंगे, पाकिस्तान से नहीं। शाह ने कश्मीर में तिरंगा लहराने के अपने संकल्प को दोहराया और जोर देकर कहा कि कश्मीर में अब सिर्फ तिरंगा ही लहराएगा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना के समर्थन में आयोजित इस चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने फारूक अब्दुल्ला पर निशाना साधते हुए कहा कि अब्दुल्ला जम्मू में आतंकवाद के फिर से पनपने की बात कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा, कि हम आतंकवाद को पाताल में दफना देंगे। किसी भी आतंकवादी या पत्थरबाज को रिहा नहीं किया जाएगा। आरक्षण के मुद्दे पर भी शाह ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की आलोचना की। उन्होंने पहाड़ी और गुर्जर बकरवाल समुदायों को आरक्षण देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि 70 वर्षों तक कांग्रेस, एनसी और पीडीपी ने पहाड़ियों को आरक्षण से वंचित रखा था। शाह ने वादा किया कि गुर्जर बकरवाल समुदाय का आरक्षण किसी भी स्थिति में कम नहीं किया जाएगा। शाह ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर तिरंगे की अवमानना करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में केवल तिरंगा ही लहराएगा।

## अमेरिका ने भारत को लौटाई पुरातात्विक महत्व की 297 प्राचीन धरोहर, प्रधानमंत्री ने जताया आभार

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी पक्ष ने भारत से चुराई गई या तस्करी की गई 297 प्राचीन वस्तुओं को वापस कर दिया। इन्हें जल्द भारत वापस लाया जाएगा। विलमिंगटन, डेलावेयर में अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रतीकात्मक रूप से कुछ चुनिंदा वस्तुएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन को दिखाए गए। प्रधानमंत्री ने इन कलाकृतियों की वापसी में उनके समर्थन के लिए राष्ट्रपति बाइडेन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ये वस्तुएं न केवल भारत की ऐतिहासिक भौतिक संस्कृति का हिस्सा थीं, बल्कि यह सभ्यता और चेतना का आंतरिक मूल थीं। उल्लेखनीय है कि ये पुरावशेष लगभग 4000 वर्ष पुराने हैं, जो 2000 ईसा पूर्व से 1900 ई. तक फैले हैं और इनका इतिहास भारत के विभिन्न भागों से है। अधिकांश पुरावशेष पूर्वी भारत की टेराकोटा कलाकृतियाँ हैं, जबकि अन्य पत्थर, धातु, लकड़ी और हाथीदांत से बनी हैं और देश के विभिन्न भागों से संबंधित हैं। 2016 से अमेरिका से भारत को लौटाई गई सांस्कृतिक कलाकृतियों की कुल संख्या 578 है। यह किसी भी देश द्वारा भारत को लौटाई गई सांस्कृतिक कलाकृतियों की अधिकतम संख्या है।

**सौंपे गए कुछ उल्लेखनीय पुरावशेष इस प्रकार हैं**: मध्य भारत से बलुआ पत्थर में बनी अप्सरा जो 10-11वीं शताब्दी ई. की है। मध्य भारत से कांस्य में बनी जैन तीर्थंकर की मूर्ति जो 15-16वीं शताब्दी ई. की है। पूर्वी भारत से टेराकोटा फूलदान जो 3-4वीं शताब्दी ई. का है। दक्षिण भारत से पत्थर की मूर्ति जो पहली शताब्दी ई.पू.-1 शताब्दी ई. की है। दक्षिण भारत से कांस्य में बनी भगवान गणेश जो 17-18वीं शताब्दी ई. की है। उत्तर भारत से बलुआ पत्थर में बनी खड़ी भगवान बुद्ध जो 15-16वीं शताब्दी ई. की है। पूर्वी भारत से कांस्य में भगवान विष्णु की प्रतिमा जो 17-18वीं शताब्दी ई.पू. की है। उत्तर भारत से तांबे में मानवरूपी आकृति जो 2000-1800 ई.पू. की है। दक्षिण भारत से कांस्य में भगवान कृष्ण की प्रतिमा जो 17-18वीं शताब्दी ई.पू. की है।

## मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा, ट्रेनों का परिचालन रहा बाधित

**पटना**। बिहार के मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन के 100 मीटर की दूरी पर मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन (05389) का इंजन पटरी से उतर गया। वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। अब तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात मुजफ्फरपुर से पुणे जाने वाली स्पेशल ट्रेन रवाना होने वाली थी। ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर लगाया गया। इंजन को ट्रेन से अलग करके शंटिंग लाइन से आगे की ओर जोड़ा जाना था। लोकोमोटिव शंटिंग किया जा रहा था। इसी दौरान यह पटरी से उतर गया। चालक ने इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दी। अधिकारी मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी सोनपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और रेस्क्यू का काम शुरू कराया। घटना में चालक की लापरवाही सामने आ रही है। घटना के बाद पुणे की स्पेशल ट्रेन को दूसरे इंजन की मदद से रवाना किया गया।

## श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति की दौड़ में दिसानायके सबसे आगे, मौजूदा राष्ट्रपति विक्रमसिंघे पीछे

**कोलंबो**। नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति बनने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। दिसानायके ने अपने प्रतिद्वंद्वियों से अजेय बढ़त बना ली है। पार्टी महासचिव डॉ. निहाल अबेसिंघे के मुताबिक अंतिम चुनाव परिणाम अगर अनुरा कुमारा दिसानायके के पक्ष में घोषित किए गए तो शपथ ग्रहण आज भी हो सकता है। राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक तबाही के बाद श्रीलंका में रविवार को मतदान हुआ और देर शाम मतों की गिनती शुरू हुई। 21 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक 22 चुनावी जिलों में 13,400 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। इस चुनाव में 75 फीसदी मतदान हुआ। मतदान के तुरंत बाद पूरे देश में कर्फ्यू लगा कर मतगणना शुरू कर दी गई। मतों की गिनती में दिसानायके सबसे आगे चल रहे हैं। उन्हें 56 प्रतिशत वोट मिले हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और साजिथ प्रेमदासा को 19-19 प्रतिशत वोट मिले हैं।

# पटना में 24 घंटे में 10 लोगों से साइबर ठगी: शातिरों ने ठगे 19 लाख



**पटना, एजेंसी।** पटना में एक हीं दिन में अलग-अलग थाना क्षेत्रों के 10 लोगों को साइबर ठगों ने अपना शिकार बना लिया। ठगों ने लोगों से अलग-अलग तरीकों से लगभग 19 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने बिहटा कैंपस स्थित केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसपल को ठगी का शिकार बना लिया। पटना साइबर थाना में सभी पीड़ितों ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटना बिहटा थाना क्षेत्र में आईआईटी बिहटा कैंपस के केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसपल जय कुमार झा ठगी का शिकार हो गए। शातिरों ने बिजली कनेक्शन कटने का भय दिखा कर जय कुमार से 5.50 लाख रुपए ठग लिए। जय कुमार ने अपने आवेदन में लिखा है कि शातिर ने मुझे फोन कर खुद को बिजली कंपनी का अधिकारी बताया। सामने वाले ने कहा कि आपके बिजली मीटर को रिचार्ज करना होगा। इसके लिए आप अपने मीटर में 10 रुपए का रिचार्ज करें। फिर शातिर ने उन्हें वीडियो कॉल किया। इसके बाद उनके मोबाइल में एक एप इंस्टॉल करवा दिया। एप इंस्टॉल होते ही जालसाज ने उनके मोबाइल को हैक कर लिया और उनके खाता से 5.50 लाख की निकासी कर ली।

**मोबाइल रिमोट पर निकाले पैसे :** गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के रहने वाले पंकज कुमार से भी साइबर ठगों ने बिजली कटने का भय दिखा कर उनके खाते से 46 हजार रुपए ठग लिए। पंकज कुमार ने अपने आवेदन में बताया है कि उनको एक फोन आया। सामने वाले ने कहा कि मैं बिजली विभाग का एसडीओ बोल रहा हूं। आपका बिजली बिल अपडेट नहीं हो रहा है। ऐसे में आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद शातिर उन्हें वीडियो कॉल किया और उनका मोबाइल रिमोट पर लेकर उनके खाता से 46 हजार रुपए की निकासी कर ली।

**वीडियो कॉल करके एप डाउनलोड कराया, फिर ठगी :** पटना विक्रम के रहने वाले श्रीनिवास से शातिरों ने 55 हजार रुपए ठग लिया। श्रीनिवास ने अपने आवेदन में बताया कि ऑन लाइन तार खरीदने के लिए देख रहा था। एक दो साइट विजिट भी किया फिर छोड़ दिया। कुछ देर मुझे तार के लिए एक कॉल आया। सामने वाले ने कहा कि आपने हमारी साइट विजिट की है। आपको 30 प्रतिशत की छुट मिलेगा। सामने वाले ने ऑर्डर करके 100 रुपए का भुगतान करने को कहा। मैने 45 हजार का तार ऑर्डर करना चाहा लेकिन नही हुआ। सामने वाले ने मुझे वीडियो कॉल करके एक एप डाउनलोड कराया। शातिरों ने उसी से 10 रुपए का भुगतान करने को कहा। जैसे ही मैंने ऐसा किया मेरा 1 लाख रुपया खाते से निकलने का मैसेज आया। मैने दुबारा उस नंबर पर कॉल किया लेकिन कॉल नही लगा।

**मुनाफा का लालच देकर ठगी :** पटना के बेऊर थाना क्षेत्र के रहने वाले विवेकानंद विवेक से ठगों ने 1.58 लाख की ठगी कर ली। शातिरों ने एआई कंपनी में निवेश करने के नाम पर ठगी कर ली। विवेक ने बताया कि शातिर ने मुझे फोन किया और एआई का काम करने वाली कंपनी के बारे में बताया। साथ ही उन्हें झांसा दिया कि उनकी कंपनी में निवेश करने पर मुनाफा होगा। इस झांसे में मैं पड़ गया। मैने चार में में 1.58 लाख रुपए लगा दिया। लेकिन पैसा निकालने वक्त वो और पैसों की मांग करने लगे। मना करने पर फोन बंद कर मेरा नंबर ब्लॉक कर दिया। इसी तरह दानापुर के सतीश सिंह से शातिरों ने शेयर मार्केट में मुनाफा के नाम पर 2.05 लाख की ठगी कर ली। पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के रहने वाले जीशान अली को शातिरों ने ठगी का शिकार बना लिया। शातिरों ने जीशान ऑनलाइन ट्रेडिंग का मैसेज भेज के अपने जाल में फंसा लिया। जीशान ने जैसे ही इनसे संपर्क किया। शातिरों ने उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया। जिसके बाद में जीशान ने 15 बार में लगभग 5 लाख लगा दिए। यह काम 2 महीने तक चला, लेकिन पैसा वापसी के समय ठगी का पता चला। पटना के एग्जीबिशन रोड के रहने वाले सुरेंद्र से ठगों ने 1.98 लाख की ठगी कर ली। शातिरों ने सुरेंद्र को व्हाट्सएप पर एसबीआई का फर्जी लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते हीं सुरेंद्र के खाते से शातिरों पैसे की निकासी कर ली। पटना के नागेश्वर कॉलोनी के रहने वाले जगदीश प्रसाद सिंह से शातिरों ने 97 हजार की ठगी कर ली। जगदीश ने बताया कि मेरे मोबाइल पर गोल्ड पर 30 परसेंट के डिस्काउंट का मैसेज आ रहा था। मैने उत्सुकता वश उसपर क्लिक कर दिया। जिसके बाद दो बार में दो मिनट में हीं मेरे खाते से ये पैसा कट गया। जिसकी जानकारी मुझे मैसेज से हुआ। जिसके बाद थाना में इसकी सूचना दी।

## संक्षिप्त समाचार

### वृषिण पटेल की पेशी पर अगली सुनवाई की तारीख मुकर्रर, नाबालिग के यौन शोषण का है आरोप



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नौकरी का झांसा देकर किशोरी को पटना बुलाकर यौन शोषण करने के मामले में शनिवार को विशेष पॉक्सो कोर्ट नंबर दो में सुनवाई हुई। इसमें दोनों पक्षों की ओर से बहस की गई। मामले में पूर्व मंत्री वृषिण पटेल की पेशी के बिंदू पर न्यायालय में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 27 सितंबर तय की है। पूर्व मंत्री वृषिण पटेल की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी बीते 23 अगस्त को खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने वारंट भी जारी किया था। कुढ़नी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग ने इस मामले में पूर्व मंत्री के खिलाफ केस दर्ज कराया था। उसने साक्ष्य के तौर पर यौन शोषण का एक वीडियो भी कोर्ट में पेश किया था। परिवाद पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए पूर्व मंत्री को पेशी के लिए सम्मन जारी किया, लेकिन पूर्व मंत्री हाजिर नहीं हुए। इसके बाद वारंट जारी किया गया था। पीड़िता की अधिवक्ता ऋचा स्मृति सिंह ने बताया ने कोर्ट में दायर नालिसी में आरोप है कि पीड़िता के गांव में पूर्व मंत्री ने जनसभा की थी। जहां कई अन्य लड़कियों के साथ पीड़िता उनसे रोजगार के सिलसिले में मिली थी। पूर्व मंत्री ने उसका मोबाइल नंबर लिया था। इसके बाद कॉल कर किशोरी को पटना बुलाया। जहां नौकरी के नाम पर उसके साथ जबरन दुष्कर्म और यौन शोषण किया गया। इसका अश्लील वीडियो क्लिप बनाकर ब्लैकमेल भी किया जाने लगा। धमकी दी गई कि बात नहीं मानने पर वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। पीड़िता ने कोर्ट में वीडियो क्लिप और कॉल रिकॉर्डिंग को भी साक्ष्य के तौर पर पेश किया था।

### भतीजे ने चाचा को मारी गोली, मौत :पिता के लाइसेंसी बंदूक से की फायरिंग

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत के सरपंच सतीश सिंह के शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसका आरोप परिजनों ने उनके भतीजे बादल (27) पर ही लगाया है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रविवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। जहां परिजनों ने बताया कि मृतक सरपंच सतीश सिंह तीन भाई हैं। उनके बड़े भाई दुदुल सिंह के बेटे बादल ने ही लाइसेंसी बंदूक से अपने चाचा की हत्या घर में ही कर दी। सतीश सिंह को दो गोली मारी गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छोटे भाई अजीत सिंह ने बताया कि उनके भतीजे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वो कई साल से डिप्रेशन में है। उसका इलाज रांची के मेंटल हॉस्पीटल में चल रहा है। चार माह पहले ही वह इलाज करा कर लौटा था। बताया कि परिवार में कोई भूमि विवाद नहीं है, गांव में सभी एक ही मकान में रह रहे हैं। मृतक सतीश सिंह का एक ही बेटा है, जो रांची में बीकाम में पढ़ाई कर रहा है। वो अभी उड़ीसा के पुरी में गया हुआ था, पिता की मौत की खबर के बाद वह गांव के लिए रवाना हो गया है। घटना के समय उनकी पत्नी भी रांची थी, वो भी सूचना पर गांव पहुंची है। पूरा परिवार घटना से आहत है। घटना के बारे मे बताया जाता है की सरपंच सतीश सिंह घटना से थोड़ी देर पहले ही बिक्रमगंज से वापस अपने घर पहुंचे थे। उसके बाद वो घर के बाहर बैठे थे, तभी उन्हें गोली मारी गईं। बताते हैं कि गोली उनके सीने में लगी और मौके पर ही मौत हो गई। बताते हैं कि घटना के बाद आरोपी भतीजा भागा नहीं बल्कि घर में ही था। जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पटना में हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार :एक अन्य साथी फरार

**पटना।** पटना के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र से पुलिस एक युवक मोहमद तहजीब उर्फ सद्दाम को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं मौके का फायदा उठा गिरफ्तार युवक का साथी फरार हो गया। पुलिस फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पटना सचिवालय डीएसपी सुनील सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट थाने की पुलिस शुक्रवार की सुबह में गश्ती कर रही थी। इसी दौरान बेली रोड के फ्लाई ओवर के पिलर नं 50 के पास बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें शक के आधार पर रोका।

# फसलें बर्बाद और सड़कों का टूटा संपर्क, भोजपुर, बक्सर, वैशाली और छपरा में गंगा ने कइयों को किया बेघर



**पटना, एजेंसी।** गंगा नदी से लगे क्षेत्रों और पंचायतों में बाढ़ से भारी तबाही मची है। भोजपुर, वैशाली, छपरा, बक्सर सहित विभिन्न जिलों की सैकड़ों गांव में बाढ़ का पानी घुसने से जन-जीवन बेपटरी हो गई है। हालांकि इन जिलों में पानी धीरे-धीरे उतरने लगा है लेकिन दुश्वारियां बरकरार हैं। हजारों एकड़ में लगी फसल जलमग्न हो गई हैं। भोजपुर के बड़हरा प्रखंड की गंगा नदी की गोद में बसीं सिन्हा, बलुआ, सोहरा, नरगदा, गजियापुर, नथमलपुर, बखोरापुर, नेकनाम टोला, पश्चिमी बबुरा व बिशुनपुर पंचायतों के गांव पूरी तरह बाढ़ की चपेट में हैं। 50 प्रतिशत से अधिक घरों में पानी घुस गया है। लोग कोईलवर-बक्सर तटबंध पर शरण लिए हुए हैं। सिन्हा में जाने वाली दोनों मुख्य सड़कों के अलावा गांव की लगभग सभी सड़कों पर पानी भरा है। गजियापुर पंचायत के सभी गांव का जिला व प्रखंड मुख्यालय से संपर्क भंग हो गया है। शाहपुर के दियारा क्षेत्र की सभी सड़कों पर बाढ़ का पानी बह रहा है। करनामेपुर थाना भी बाढ़ से घिर गया है। छपरा में सबसे ज्यादा असर रिविलगंज प्रखंड के सिताब दियारा में पड़ा है। सड़क मार्ग से सिताबदियारा का संपर्क भंग हो चुका है। नाव के सहारे ही लोग प्रखंड मुख्यालय से अपने गांव पहुंच रहे हैं। मांझी प्रखंड की मरहा पंचायत स्थित नटवर परशुराम गांव के समीप चटाकी बाबा मंदिर के बगल में सोंधी नदी का रिंग बांध टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल में पानी भर गया। इधर वैशाली जिले में गंगा का जलस्तर पांचवें दिन शनिवार अहले सुबह से धीरे-धीरे नीचे खिसकने लगा है। हालांकि अभी भी गंगा नदी खतरे के लाल निशान से 1.57 मीटर ऊपर है। जिले के बाढ़ प्रभावित छह अंचलों में जिला प्रशासन की ओर कुल 245 नावों का परिचालन कराया जा रहा है। सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र राघोपुर में 154 सरकारी और निजी नावों का परिचालन कराया जा रहा है। इस अंचल की 20 पंचायतों के 72 गांव बाढ़ से घिर गए हैं।

### काव नदी बरपा रही कहर

सासाराम के राजपुर प्रखंड के बिशुनपुर, कर्मकिला, छनहा, प्रतापगंज, राजपुर, पकड़ी, जिनोरिया आदि गांवों के काव नदी कहर बरपा रही है। धान की सैकड़ों एकड़ में लगी फसल जलमग्न हो गई हैं। इसे लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। उधर, दाहा नदी का रिंग बाध टूटने से इमादपुर व बिंटोलिया गांव के लगभग दो सौ परिवार तबाह हो गए हैं। बक्सर के चक्की में बाढ़ का पानी फैलने से सैकड़ों एकड़ फसल डूब गई है।



# ज्वेलर्स दुकान में दिनदहाड़े लाखों की ठगी, सीसीटीवी आया सामने, फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** चौतरवा थाना क्षेत्र के पतिलार बाजार में ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। माँ विन्ध्वासिनी ज्वेलर्स की दुकान से दो अज्ञात ठग लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। घटना के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश की ओर से एक मारुति कार में सवार होकर आए दो व्यक्ति खरीदारी करने के बहाने दुकान में घुसे। उन्होंने दुकानदार को बातों में उलझाकर गहने इकट्ठा किए और ठगी करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान चौतरवा थाना के चौकीदार रामशंकर प्रसाद भी मौके पर उपस्थित थे। लेकिन उन्हें ठगी का आभास नहीं हुआ। चोरी का पता चलते ही दुकानदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चौतरवा थाना के एसआई रामाश्रय यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

**जांच में जुटी पुलिस :** थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि ठगों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, और जल्द ही दोषियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। वही सीसीटीवी फुटेज को सभी ग्रुपों और थानों में सर्कुलेट किया जा रहा है ताकि चोरों की पहचान हो सके। स्थानीय लोगों में घटना के बाद से पुलिस के प्रति असंतोष का माहौल है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



# पटना में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम पर हमला:ग्रामीणों ने विरोध के बाद किया पथराव, इंजीनियर सहित 8 कर्मचारी घायल

**पटना, एजेंसी।** पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के नियाज़ीपुर गांव में स्मार्ट मीटर लगाने गई बिजली विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इसमें 8 अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारी और फतुहा थाने की पुलिस नियाजीपुर गांव में प्रीपेड मीटर लगाने के लिए पहुंची थी। इसके बाद गांव में मीटर लगाने का काम शुरू हो गया था और 6 से 7 घरों में मीटर लगाए भी जा चुके थे। इसके बाद कुछ लोगों ने प्रीपेड मीटर लगाए जाने का विरोध करना शुरू कर दिया और ग्रामीणों ने एक साथ होकर बिजली विभाग द्वारा पहुंचे टीम पर ईंट और पत्थर चलाना शुरु कर दिया। ग्रामीण उग्र हो गए। ऐसे में बिजली विभाग के टीम अपनी जान बचाकर मौके से भागने लगी। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग के वाहन पर भी पथराव किया गया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

### बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर

पथराव से विभाग के सहायक और कनीय अभियंता को भी हल्की चोट लगी है। वहीं अन्य कर्मचारी गुड्डू अंसारी, मुन्ना कुमार, धनजीत कुमार, झिम्मी कुमार, विकास कुमार और लालजी प्रसाद घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से एक घायल झीम्मी कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि हमारी टीम द्वारा नियाज़ीपुर गांव में प्रीपेड मीटर लगाने के लिए भेजा गया। जहां ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करते हुए टीम पर हमला कर दिया गया, जिसमें कई अधिकारी और कर्मचारी भी घायल हुए हैं।

# पांच सवारी के साथ नहर में गिरा ई-रिक्शा

**मोतिहारी , एजेंसी।** मोबाइल पर रील्स देखने का शौक खतरनाक होता है जा रहा रहा है। बिहार के मोतिहारी के रक्सौल आदापुर घोड़ासहन नहर सड़क के नोनोयाडीह नहर साइफन के पास एक ई रिक्शा घटनास्थल के पास नियंत्रण खो देने के कारण सवारी सहित नहर में गिर गयी। देखते ही देखते ई-रिक्सा सहित सभी पांच सवार व चालक नहर में डूब गये। इस दौरान घटनास्थल के पास अफरातफरी मच गयी। शोर शोरशराबे के बाद जुटे ग्रामीणो ने जान जोखिम में डाल कर उन्हें बचाने के लिये नहर में छलांग लगा दी व अथक प्रयास के बाद सभी को एक के बाद एक करके नहर से जिन्दा निकाल लिया। तब जाकर सभी राहत की सांस ली। अन्यथा बड़ी अनहोनी हो जाती। ई-रिक्शा का ड्राइवर रील्स देखते हुए गाड़ी चला रहा था। ई रिक्शा रक्सौल से सवारी बैठा कर गम्हरिया आदापुर की ओर जा रहा था। इस बीच चालक मोबाइल पर रील्स देखने लगा। इसी दौरान अचानक ई रिक्शा नहर में गिर गयी। नहर से निकलने के बाद चालक ने बताया कि एक कार के ओवरटेक किये जाने से संतुलन बिगड़ गया व नहर में गिर गया। भगवान का शुक्र है कि सभी लोग बच गये। घटना की पुष्टि रक्सौल पुलिस ने करते बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। एक यात्री को सिर पर चोट लगी है। सभी को तत्काल इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में लाया गया जहां



प्राथमिक इलाज के बाद सभी को घर वापस भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना के बाद नागरिक सहयोग से नहर में गिरे ई रिक्शा को काफी प्रयास के बाद ढूढ़ कर क्रेन की मदद से सही सलामत निकाल लिया गया है। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रिक्शा में सवार लोग नेपाल के थे। वीडियो से ही पुलिस को जानकारी मिली। ऊंचाई से गिरने के कारण दो लड़की बुरी तरह घायल हो गई जिनका इलाज एसआरपी हॉस्पिटल में कराया गया। घटना नोनिया डीह साइफन के पास की है। इस घटना में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

### अवैध हथियार का प्रदर्शन कर रहा युवक गिरफ्तार, लोडेड पिस्टल के साथ 4 जिंदा कारतूस बरामद

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार सहायक थाना पुलिस ने शनिवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर हथियार के साथ अवैध हथियार का प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने बरमसिया जगन्नाथपुरी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। कटिहार सहायक थाना थानाध्यक्ष पंकज प्रताप ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी की दो व्यक्ति जगन्नाथपूरी बरमसिया के पास हथियार का प्रदर्शन कर रहे है। सूचना के आधार पर?कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति चिट्टू यादव, जगरनाथपुरी बरमसिया निवासी पुलिस बल को देखकर भाग गया। जबकि दूसरा व्यक्ति संतोष कुमार सिंह बरमसिया को हाथ में लिए लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया।

# बिना सिग्नल के आगे बढ़ाया इंजन, 6 चक्के बेपटरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जंक्शन के पास शनिवार की रात 8.31 बजे मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया। इंजन के 6 चक्के पटरी से उतर गए थे। जिसके कारण 05289 मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल एक्सप्रेस जंक्शन से रात 9.15 के बदले 10.16 बजे रवाना हुई।

बताया जा रहा कि इंजन पुणे-मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन के साथ आया था। इस ट्रेन के रैक शाम में प्लेटफार्म 4 पर लगा दिया गया। वहां से वापस इंजन को मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन से जोड़ना था। इंजन सैलून साइडिंग से चंद्रालोक चौक की ओर बढ़ा। इसी दौरान भागलपुर-मुजफ्फरपुर इंटरसिटी जंक्शन पर आ रही थी। इस कारण इंजन को सिग्नल नहीं दिया गया। प्वाइंट मैन बॉबी कुमार ने लोको पायलट को इशारा किया। सिग्नल नहीं मिलने के कारण प्वाइंट नहीं बन सका। इस दौरान सिग्नल को तोड़ते हुए लोको पायलट ने इंजन बढ़ा दिया। प्वाइंट नहीं बनने के कारण आगे के 6 चक्के पटरी से उतर गए। 4 चक्के पटरी से एक फीट दूरी पर जा गिरे।

### ट्रेनों के परिचालन पर असर नहीं पड़ा

सूचना मिलने पर पहुंचे अधिकारियों ने लोको पायलट यानी शंटिंग मैन विनोद कुमार और प्वाइंट मैन बॉबी कुमार से पूछताछ की। बॉबी ने शंटिंग मैन पर सिग्नल तोड़ने का आरोप लगाया। घटना साइड वाले लाइन में घटने के कारण ट्रेनों का



परिचालन सामान्य रहा। इससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। देर रात दुर्घटना राहत ट्रेन की मदद से इंजन को लाइन पर चढ़ाया गया।

### सोनपुर रेल मंडल की टीम आज जांच करेगी

मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल के बेपटरी होने की घटना को रेलवे ने बेहद गंभीरता से लिया है। मामले में लोको पायलट और प्वाइंट मैन पर गाज गिरनी तय है। प्रारंभिक छानबीन में दोनों की भूमिका पर सवाल उठे हैं। सूचना के बाद सीडीओ राजीव रंजन, एईएन सोगारथ पासवान, आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमार और स्टेशन अधीक्षक अखिलेश सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। रविवार को सोनपुर रेल मंडल की टीम मुजफ्फरपुर पहुंचेगी और छानबीन करेगी। शनिवार को ही डीआरएम ने नारायणपुर अनंत पहुंचकर मालगाड़ी हादसे की जांच की थी। हादसों पर रोकथाम के लिए सबको सख्त निर्देश दिया था। इस बीच रात में एक और दुर्घटना हो गई।

### लावरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी- डीआरएम

डीआरएम विवेक भूषण सूद ने कहा कि शंटिंग के दौरान मुजफ्फरपुर जंक्शन पर इंजन पटरी से उतर गया। सिग्नल तोड़ने से घटना घटी है। लोको पायलट और प्वाइंट मैन की भूमिका संदेह के घेरे में है। दुर्घटना के कारण ट्रेनों का परिचालन सामान्य रहा है। मामले की जांच कर लावरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सिटी सेंटर मॉल के चलते वन-वे होगा रास्ता

**पटना।** पटना के नए ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान लगातार एक्शन में हैं। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने के लिए अपने स्तर से लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार के दिन बुद्धमार्ग वाले रास्ते को वन-वे कर ट्रायल किया जायेगा। अगर यह ट्रायल सफल रहा तो आगे इस रास्ते को वन-वे कर दिया जायेगा। सिटी सेंटर मॉल के चलते इस रोड पर शाम के समय काफी दबाव बढ़ जा रहा था। सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती थी, जिसे देखते हुए पटना ट्रैफिक एसपी ने यह फैसला लिया है। बता दें कि मॉल की वजह से इस रूट पर काफी दबाव बढ़ जाता है। ऑटो, ई रिक्शा, सड़क किनारे ठेला लगाने वाले रोड को कैप्चर कर लेते हैं। जिससे रास्ते संकीर्ण हो जाते हैं और लोगों को जाम में जूझने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम इस रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करा दे और ट्रैफिक पुलिस बेतरतीब तरीके से सड़क पर खड़े होने वाले ऑटो ई&रिक्शा पर नकेल कस दे तो वन वे करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि जाम की समस्या से स्थाई तौर पर निपटने के लिए सर्वे कराया जा रहा है। 30 से अधिक चौक पॉइंट्स को चिन्हित भी किया गया है। हमारी कोशिश परमानेंट समाधान निकालना है। डेटा कलेक्ट कर रहे हैं, आगे उसी के अनुसार कार्यवाही करेंगे।



### पटना में हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार, एक अन्य साथी फरार, शक होने पर पुलिस ने रोका

**पटना।** पटना के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र से पुलिस एक युवक मोहमद तहजीब उर्फ सद्दाम को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं मौके का फायदा उठा गिरफ्तार युवक का साथी फरार हो गया। पुलिस फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पटना सचिवालय DSP सुनील सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट थाने की पुलिस शुक्रवार की सुबह में गश्ती कर रही थी। इसी दौरान बेली रोड के फ्लाई ओवर के पिलर नं 50 के पास बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें शक के आधार पर रोका। तभी दोनों बाइक से भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर एक युवक को पकड़ लिया। वहीं एक युवक फरार हो गया। पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई। युवक के पास से एक पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गए अपराधी की पहचान मोहमद तहजीब उर्फ सद्दाम के रूप में हुई है। सद्दाम पटना के समनपुरा का रहने वाला है। इसके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किया है। सद्दाम ने बताया कि भागे हुए अपराधी का नाम अविनाश कुमार उर्फ टकला है जो गर्भुचक का रहने वाला है। डीएसपी ने बताया कि दोनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों कई बार चोरी, छीनतई और आर्म्स एक्ट में कई बार जेल जा चुके हैं। दोनों पर पटना के दीघा, राजीव नगर और शास्त्रीनगर थाना में कई मामले दर्ज हैं।



### पुनपुन नदी किनारे बोरे में बंद मिला युवक का शव

पटना। पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र में पुनपुन नदी के किनारे बोरे में बंद एक युवक का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के लिए शव को नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है। घटना लखीमपुर गांव की है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सका है। 72 घंटे तक शव को पहचान के लिए रखा जाएगा। आसपास के थानों से लापता युवक के बारे में पूछा गया है। शव 3-4 दिन पुराना लग रहा है। स्थानीय लोगों से भी इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया रविवार को गांव के कुछ युवक स्नान करने गए थे। नदी किनारे एक बोरा पड़ा हुआ था। जिसमें से मृतक का हाथ बाहर निकला था। जिसके बाद गौरीचक थाने को मामले की सूचना दी गई। डेड बॉडी सड़ी-गली स्थिति में थी। बदबू भी आ रही थी। आशंका जताते हुए कहा कि हत्या के बाद अपराधियों ने यहां लाकर फेंक दिया है।



### दोस्त की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार, डॉग स्क्वायड टीम की मदद से पकड़ा गया

**पटना।** पटना के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक युवक अभय की डेड बॉडी मिली थी। इस मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या करने वाले दोस्त को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में डॉग स्क्वायड टीम का कुत्ता घटनास्थल से सीधे आरोपी के घर जा कर रूका। इसके बाद एक युवक की गिरफ्तारी समस्तीपुर से की गई। पुलिस इस मामले में शामिल 2 अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पटना सिटी एसपी मध्य स्वेती सेहरावत ने बताया कि अभय की हत्या उसके दोस्त ने ही की थी। सिटी एसपी ने बताया कि अभय नाम के युवक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस की जांच में ये बात सामने आई कि अभय, रवि और इनके दो दोस्त गुरुवार की रात एक जगह इकट्ठा हुए थे। वहां पर ये लोग नशा कर रहे थे। इस बीच रवि और अभय के बीच बहस होने लगी। इसके बाद रवि ने पास में ही पड़े बांस से अभय के सिर पर कई वार किए। इससे अभय की मौत मौके पर ही हो गई। इसके बाद वहां मौजूद सभी लड़के भाग निकले। गुरुवार की देर रात कुछ राहगीरों की नजर अभय पर पड़ी थी। युवक का सिर फटा हुआ था। शरीर पर कई जगह गहरे जख्म के निशान थे। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक की पहचान अभय कुमार उर्फ जुगनू उर्फ पलटन के रूप में हुई थी, जो आरा का रहने वाला था। परिवार के साथ राजीवनगर थाना क्षेत्र में रामनगरी के पास रहता था। वह गाड़ियों के वाशिंग सेंटर में काम करता था। उसके पिता बजरंगी ठाकुर गार्ड का काम करते हैं। बजरंगी ठाकुर ने पुलिस को बताया कि अभय गुरुवार की शाम चार बजे अपनी बाइक से दोस्त रवि के साथ निकला था।



### एमबीए छात्रा यशी सिंह अपहरण कांड, जांच हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने मुज़फ्फरपुर की एमबीए की छात्रा यशी सिंह अपहरण मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया है। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद की एकल पीठ ने संजय कुमार की ओर से दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट ने सीबीआई को चार हफ्ते में जांच की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य की सीआईडी को दो हफ्ते में इस मामले से जुड़े सारे कागजात व रिकार्ड सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि यशी सिंह मुजफ्फरपुर के एलएन मिश्रा इंस्टिट्यूट से एमबीए कर रही थी। दिसंबर, 2022 में यशी सिंह का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया था। पहले, स्थानीय पुलिस और बाद में जांच सीआइडी को सौंपी गई। लेकिन रिजल्ट शून्य रहा। जब कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला तो याचिकाकर्ता के वकील अरविन्द कुमार ने बताया कि राज्य की पुलिस और सीआईडी की टीम की की सुस्त चाल को देखते हुए ही कोर्ट ने सीबीआई को सौंपा है।

### अमीर बनेंगे बिहार के किसान, दूसरे राज्यों में खेती की तकनीक सीखेंगे

# मंगल पांडेय बोले- उत्पादन, मार्केटिंग और पैकेजिंग समझेंगे

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के किसान देखकर सीखो और सीखकर अपनाओ के सिद्धांत पर खेती करेंगे। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने यह गुर दिया है। दरअसल, बिहार के किसान दूसरे राज्यों में खेती की टेक्निक सीखने जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने इन्हें रवाना किया है। कृषि भवन से यह दल रवाना हुए।

**"बिहार के किसान अमीर बनेंगे":** कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने रविवार को कृषि भवन पटना के सभागार से राज्य के बाहर प्रशिक्षण एवं भ्रमण के कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों को रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार के किसानों को देश के कृषि से जुड़ी संस्थानों में आत्मा योजना के माध्यम से प्रशिक्षण और भ्रमण कराने का मुख्य उद्देश्य को बताया। उन्होंने कृषि और इन क्षेत्रों में हो रहे नए योजना और काम से अवगत कराना है। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम से किसानों की आमदनी दोगुनी करना और उन्हें उन्नत तकनीक से रुबरु करना विभाग का लक्ष्य है। पिछले कुछ सालों में कृषकों की आय बढ़ी है और बिहार के जीडीपी विकास में कृषि क्षेत्र का लगभग 14 प्रतिशत योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के गाइडलाइन की वजह से हुआ है।



**किसानों को ई-फ्रेंडली बनाना है:** मंगल पांडेय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जब बाहर जायें तो ''देखकर सीखो, सीखकर अपनाओ'' के सिद्धांत पर काम करें। इसके लिए आपको देश के दूसरे राज्यों में प्रशिक्षण और भ्रमण पर भेजा जा रहा है। देश के संस्थानों में जाकर अपने विषय से संबंधित सवालों के बारे में वैज्ञानिकों से पूछें, ताकि किसानों को भविष्य में इसका लाभ मिल सके। आपके भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कम जमीन पर अधिक फसलों का उत्पादन, मार्केटिंग, पैकेजिंग व्यवस्था को समझना एवं किसानों को ई-फ्रेंडली बनाना है।

# शारदा सिन्हा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का निधन

**एजेंसी, पटना।**



♦ ब्रेन हेमरेज के बाद अस्पताल में हुए थे एडमिट, शिक्षा विभाग में रिजनल डिप्टी डायरेक्टर रह चुके थे

पद्म श्री सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का निधन हो गया। वो 80 वर्ष के थे। उनके बेटे अंशुमान से भास्कर ने बात की। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले घर में ही गिर जाने की वजह से उनके सिर में चोट आई थी। ब्रेन हेमरेज की वजह से उन्हें श्री साईं हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां वो वेंटिलेटर पर थे। वो शिक्षा विभाग में रिजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे। शारदा सिन्हा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि किस्मत से मेरी तरह मेरे पति बृजकिशोर सिंहा को भी गीतों से खास लगाव था। उन्होंने मेरी सास को मनाकर मेरी गायिकी जारी रखने में मदद की थी। 1970 में जब शादी हुई और मैं अपने ससुराल बेगूसराय गई तो वहां का माहौल अलग था। वहां का रहन-सहन अलग था। मैथिली भी अलग तरीके से बोली जाती थी। मेरी सासू मां का कहना था कि घर में भजन करने तक तो ठीक है, लेकिन उससे आगे गाना-बजाना नहीं चलेगा। हमारे यहां घर की बहू बाहर जाकर गाना नहीं गातीं, इसलिए तुम भी नही गाओगी। मेरे सुसर जी को भजन-कीर्तन सुनना बहुत पसंद था। मेरी शादी के पांच दिन हुए थे कि तभी मेरे गांव के मुखिया जी हमारे यहां आए और मेरे ससुर जी से कहा कि सुना है आपकी बहू बहुत अच्छा गाती हैं। आप अपनी बहू से बोलिए कि वह ठाकुरबाड़ी में भजन गा दें। ससुर जी ने ठाकुरबाड़ी में भजन गाने की इजाजत दे दी। यह सुनना था कि मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ठाकुरबाड़ी का दरवाजा घर के बगल में ही था।

## पटना में ज्वेलरी दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**एजेंसी, पटना।**

पटना के फुलवारी शरीफ स्थित पेठिया बाजार के एक ज्वेलरी दुकान में रविवार की सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आगे की लपट ने पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फुलवारी शरीफ थाने और अग्नि दस्ते गाड़ी को दी। सूचना मिलते ही पटना एम्स की अग्नि दस्ते की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच दुकान के लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गए।

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग:** स्थानीय लोगों ने बताया कि पेठिया बाजार स्थित मणी ज्वेलर्स में रविवार को अचानक फाल्स सीलिंग से तेजी से धुआं निकलने लगा। दुकानदार ने किसी तरह आग पर काबू पाने का



प्रयास किया, लेकिन आग की लपट तेज होने लगी। आग की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया।

इस बीच लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिग्रेड को दी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर ब्रिग्रेड के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। नुकसान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फॉल्स सीलिंग में आग लगी थी। इससे बहुत ज्यादा नुकसान नहीं कहा जा सकता है।

# पटना में संदिग्ध हालत में युवक का शव बरामद

**एजेंसी, पटना।**

पटना में संदिग्ध हालत में एक युवक रोहित कुमार (25) का शव बरामद हुआ है। घटना बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 9 की है। बताया जा रहा है कि मामला पहले के विवाद से जुड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए और बख्तियारपुर में एनएच-31 बाईपास को जाम कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने में जुट गई है। वही मौके पर बख्तियारपुर विधानसभा पूर्व विधायक रणविजय सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया पहुंचे और प्रशासन से मृतक परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। वहीं पास लगे CCTV कैमरे के फुटेज में युवक लड़खड़ाता हुआ नजर आया।



**कई बार परिजनों को मिल चुकी है धमकी:** परिजनों का कहना है कि पहले के विवाद में उन्हें बार-बार बख्तियारपुर के ही कुछ लोगों द्वारा धमकी दी जा रही थी और पुलिस इस मामले में संज्ञान नहीं ले रही थी। दो महीने पहले मृतक के भाई मोहित कुमार की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक के किनारे फेंक दिया था और आज यह घटना घटी है। पुलिस की मिली भगत से अपराधियों ने लगातार दो बार घटना को अंजाम दिया है। पुलिस को कई बार अपराधियों का नाम बताया गया है, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। मृतक के परिजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार धमकी मिल चुकी है और कई बार रास्ते में भी धमकी दी गई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी।

**CCTV फुटेज में लड़खड़ाता दिखा युवक:** वहीं बाढ़ एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि हत्या किया गया है या

**CCTV फुटेज में लड़खड़ाता दिख रहा, परिजन बोले- कई बार मिल चुकी है धमकी, पुलिस ने नहीं लिया एक्शन**

मृत्यु हुई है कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पास में लगे सीसीटीवी वीडियो को खंगाला गया तो उसमें दिख रहा है कि मृतक के मुंह से खून बह रहा था और वह लड़खड़ाकर पास में ठेले पर एक घंटे से ज्यादा बैठा रहा है, जिस दरम्यान दो लोग वहां रुके भी थे। इसके बाद वही उसकी मृत्यु हुई, उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वही परिजनों को बार-बार धमकी दिए जाने पर उन्होंने बताया कि इसकी जांच की जाएगी और इसके भाई के हत्या से जोड़कर मामले को देखा जाएगा।

# महिला को बंधक बनाकर डकैती, 8 की संख्या में आए अपराधी ले गए गहने और पैसे

**एजेंसी, पटना।**

**बोली- पुलिस ने चोरी का आवेदन लिखवा दिया**

पटना के परसा थाना के टरवां मेहंदीपुर गांव में अपराधियों के गिरोह ने घर में घुसकर जमकर लूटपाट की। इस क्रम में अपराधियों ने घर की महिला का हाथ-पैर बांधकर बंधक बना लिया और सोने चांदी के जेवरात सहित नगद रुपए लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना रविवार की सुबह महिला ने स्थानीय परसा बाजार थाने में थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। इस मामले को लेकर परसा बाजार थाना प्रभारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने जवाब नहीं किया। पीड़ित महिला आरती देवी ने बताया कि उनके पति रुदल चौधरी घर पर नहीं थे। बाहर मजदूरी करने गए थे। वह अपनी दो बेटी 5 वर्ष और 11 वर्ष के साथ घर में सो रही थी। इसी बीच रात में जब वह



बाथरूम के लिए उठी तो देखी कि घर में कुछ अपराधी मुंह ढंक कर घुसे हुए हैं। इस बीच अपराधियों ने महिला को देखते ही आरती देवी को पकड़ लिया और हाथ पैर बांध दिए। आरती देवी ने बताया कि अपराधियों द्वारा उनके सिर पर डंडे से हमला किया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। इस बीच अपराधियों ने घर में रखे सोने के गहने सहित चांदी के पायल और कई जेवरात, नगद रुपए लूट कर फरार हो गए।

**पुलिस बोली- चोरी का आवेदन लिखो:** आरती देवी ने बताया कि जब उनकी बेटियां उठी तो उन्हें बेहोशी की हालत में देखा तब उन्होंने गांव में हल्ला करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग घर पर पहुंचे और लोगों ने इसकी सूचना 112 नंबर डायल को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू करती है। आरती देवी ने बताया कि जब वह थाने पर इस बात को बताएं तो थाने द्वारा उन्हें चोरी का आवेदन लिखकर देने के लिए बोला गया। उन्होंने बताया कि जिस तरह थाना के पदाधिकारी द्वारा उन्हें आवेदन लिखकर देने के लिए बोला गया, उन्होंने चोरी का आवेदन लिख दिया।

## पटना में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम पर हमला

**एजेंसी, पटना।**

पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के नियाज़ीपुर गांव में स्मार्ट मीटर लगाने गई बिजली विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इसमें 8 अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारी और फतुहा थाने की पुलिस नियाजीपुर गांव में प्रीपेड मीटर लगाने के लिए पहुंची थी। इसके बाद गांव में मीटर लगाने का काम शुरू हो गया था और 6 से 7 घरों में मीटर लगाए भी जा चुके थे। इसके बाद कुछ लोगों ने प्रीपेड मीटर लगाए जाने का विरोध करना शुरू कर दिया और ग्रामीणों ने एक साथ होकर बिजली विभाग द्वारा पहुंचे टीम पर ईंट और पत्थर चलाना शुरु कर दिया। ग्रामीण उग्र हो गए। ऐसे में बिजली विभाग के टीम अपनी जान बचाकर मौके से भागने लगी। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग के वाहन पर भी पथराव किया गया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

**बेहतर इलाज के लिए किया गया रेफर:** पथराव से विभाग के सहायक और कनीय अभियंता को भी हल्की चोट लगी है। वहीं अन्य कर्मचारी गुड्डू अंसारी, मुन्ना कुमार, धनजीत कुमार, झिम्मी कुमार, विकास कुमार और लालजी प्रसाद घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से एक घायल झीम्मी कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि हमारी टीम द्वारा नियाज़ीपुर गांव में प्रीपेड मीटर लगाने के लिए भेजा गया। जहां ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करते हुए टीम पर हमला कर दिया गया, जिसमें कई अधिकारी और कर्मचारी भी घायल हुए हैं।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दो युवकों को पीटा, जवाब में हमला

**एजेंसी, पटना।**

पटना में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शनिवार शाम की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि रंजन सिंह पर पड़ोस के दो बाइक सवार युवकों को पीटने का आरोप लगा है तो वहीं युवकों के परिजनों ने शशि रंजन के घर पर हमला कर दिया। घटना का CCTV फुटेज और वीडियो भी सामने आया है। वहीं इस मामले में दोनों पक्षों ने पुलिस ने एक-दुसरे के खिलाफ आवेदन दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। दरअसल, राजधानी पटना के दीघा थाना क्षेत्र के गेट नं 93 के पास कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपने कुछ साथियों के साथ बाइक सवार दो युवकों को रोककर उनके साथ मारपीट करते हैं। इस दौरान एक युवक घायल हो जाता है। दोनों युवक पड़ोस के ही रहने वाले हैं। इसका CCTV फुटेज भी सामने आया है। वहीं मारपीट के बाद घायल लड़के के परिजन 4 से 5 की संख्या में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के घर पर हमला कर देते हैं। किसी के ना मिलने की स्थिति में वहां खड़ी 2 से 3 गाड़ियों का शीशा तोड़ देते है। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी जाती है। इसका भी वीडियो सामने आया है। दीघा थानाध्यक्ष ने बताया कि शनिवार की देर शाम को दीघा में मारपीट की घटना की सूचना मिली। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। जांच में यह बात सामने आई कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शशि रंजन सिंह ने अपने परिजनों के साथ मिलकर बगल के अनिल राय के बेटे के साथ मारपीट की गई। जिससे वह जख्मी हो गया। इसके बाद अनिल राय ने अपने परिजनों के साथ शशि रंजन सिंह के घर पर हमला कर दिया। वहां खड़ी 3 गाड़ियों का शीशा तोड़ दिया गया। दोनों तरफ से आवेदन लेकर आगे की जांच की जा रही है।

# पटना में सड़क हादसे में दो लोग घायल, फतुहा में ऑटो पलटने से हुआ हादसा, 6 लोग थे सवार

**एजेंसी, पटना।**

पटना के फतुहा में ऑटो पलटने की वजह से चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें पटना रेफर कर दिया। चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने ऑटो को अपने कब्जे में लेकर कारवाई शुरू कर दी है। रविवार की सुबह चालक सवारी बैठाकर फतुहा की ओर आ रहा था, जैसे ही वह पितांबरपुर फोर लाइन के पास पहुंचा, तब ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में ऑटो चालक वैशाली जिले के राघोपुर रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के कर्मोपुर गांव निवासी सुरेश दास के बेटे सुरेंद्र दास (26) और थाना क्षेत्र के नरैणा गांव निवासी राजू शर्मा की पत्नी निक्की देवी (35) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो में 6 लोग सवार थे, सभी को हल्की चोटें आई हैं।



**स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल:** घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया, सभी को ऑटो से ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाला गया। दो गंभीर रूप से जख्मी को फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर सबीहा द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चालक और महिला दोनों जख्मी को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। वहीं घायल महिला के पति राजू शर्मा ने बताया कि मेरी पत्नी फतुहा बाजार जाने के लिए नरैणा से ऑटो पकड़ी थी, लेकिन ऑटो चालक ने ऑटो को लहराते हुए ले जा रहा था। इसके कारण ऑटो अनियंत्रित हो गई और पीतम्बरपुर गांव के पास फोर लाइन पर पलट गई। ऑटो में करीब 5 से 6 लोग सवार थे। सभी को हल्की-फुल्की चोट आई हैं, लेकिन मेरी पत्नी और चालक गंभीर रूप से घायल है। डॉक्टर ने दोनों को पटना रेफर कर दिया है।

**कार्रवाई में जुटी पुलिस:** वही इस मामले में थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस टीम को भेजा गया है। ऑटो को अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनगर में शौच के लिये गई युवती से दुष्कर्म

**चा० भूमि रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के में एक युवती के साथ रेप होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर जानकारी मिली कि युवती शौच के लिए पास के बांसवारी की ओर गई थी। इस दौरान आरोपी युवक जिसकी पहचान भोला कुमार के रूप मे हुई है उसने उसे पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पीड़िता को मेडिकल जांच के बाद बीएनएसएस 183 के तहत न्यायालय में उसके बयान दर्ज कराया जायेगा। उसके बाद पीड़िता को परिजनों के सुपुर्द कर दिया जायेगा।जबकि स्थानीय लोगों ने सभी आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### मटियरिया थाना क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी

» पिछ्ले छह महीने के भीतर अपराधियों ने दिया कई घटनाओं का अंजाम पुलिस ने भी कई मामलों का किया है उद्भेदन

**चा० भूमि गौनाहा।** गौनाहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों मे अपराधियों ने वर्ष 2024 मे तीन गोली कांड कि घटना को अंजाम देकर थाना क्षेत्र के लोगों मे दहशत फैला दी है। 16 जनवरी 2024 को अपराधियों ने तुरकौलिया गांव निवासी सीएसपी संचालक उमेश कुमार पर दोन कैनाल नहर पर मेहंनौल गांव के समीप रूपये लूटने के लिए गोली चला दी। उन्होंने अपना जान जोखिम मे डालकर रूपये का थैला लिए दोन नहर के पानी मे कुदकर उसपर तैरकर निकल गये जिससे उनकी जान बची। इस घटना को लेकर मटियरिया थाने मे कांड संख्या 4/24 दर्ज की है। इस घटना के मात्र दो दिन बाद हाजी टोला लक्ष्नौता उर्दू प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक लालबाबू सिंह को उनके गांव मे शाम करीब 7 बजे गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर मटियरिया थाना मे कांड संख्या 5/24 दर्ज की गयी थी। थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास ने बताया की दोनों कांड के सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चूका है। मात्र एक मुख्य अभियुक्त शाहजहां ऊर्फ दमकल फरार चल रहा है। जल्द जी उनके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। पुनः अपराधियों ने बेलसंडी बैंक के सहायक मैनेजर पर 22 सितम्बर को गोली चलाकर पुनः दहशत पैदा कर दी है। विदित हो कि हाल ही बालू माफियाओ द्वारा अहरार पिपरा, हौदा डुमरा व नया टोला पिपरा मे पुलिस पर जानलेवा हमला किया गया था।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने इनरवा में चलाया स्वच्छता अभियान

**चा० भूमि मैनाटाड़।** सीमावर्ती इनरवा के मध्य विद्यालय में भाजपा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मोत्सव के मौके पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री जनार्दन प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मध्य विद्यालय इनरवा बाजार के परिसर को साफ सफाई की गई। वहीं महामंत्री जनार्दन प्रसाद कुशवाहा ने कहा स्वच्छता का संदेश हम सभी को हर घर पहुंचना है, ताकि सभी लोग अपने आसपास साफ सुथरा का बेहतर ध्यान रखें। समाज स्वच्छ एवं सुंदर दिखे। खाना से पहले और खाना के बाद हाथ को साबुन से धोने पर बल दिया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। साथ ही अखंड भारत को स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल लाने के लिए सहयोग देने का संकल्प भी दिलवाया। मौके पर राजेन्द्र साह, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा शत्रुघ्न चौरसिया, सोनेलाल चौरसिया, राजकुमार यादव, जंगबहादुर यादव, धनेश साह सहित मौजूद शिक्षकों, शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं ने भी साफ सफाई में अपना योगदान दिया।

### बिजली चोरी में आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज

**चा० भूमि मैनाटांड़।** अवैध तरीके से बिजली उपयोग करने को लेकर पुरूषोत्तमपुर थाना में आधा दर्जन उपभोक्ताओं पर केस दर्ज हुआ है । बिजली विभाग के कनीय अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि नरकटिया के ऐनुल होदा ,लक्ष्मीपुर के सुभाष साह, भड़भड़वा के नूरनेश खातुन , हंसताज शेख , रैफुल शेख और सबीता देवी के द्वारा बिजली विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाया गया है। मामले में कानूनी कार्रवाई करने को लेकर पुरूषोत्तमपुर थाना में आवेदन प्रतिवेदित कर दिया गया है। कारवाई में लक्ष्मण प्रसाद, संदीप कुमार सिंह, पप्पु कुमार, साकिम मिया शामिल रहें। वहीं पुरूषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि उक्त सभी आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध थाना में बिजली चोरी को लेकर केस दर्ज कर लिया गया है।

### भारी मात्रा में देशी व विदेशी शराब किया बरामद

**चा० भूमि मोतिहारी।** सरकार के शराब बंदी कानून को शत प्रतिशत धरातल पर लागू करने के लिए जिला पुलिस व उत्पाद विभाग ने कमर कस लिया है और इसका सख्ती से पालन कर रहा है। इसी दौरान आज बंजरिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र स्थित चाटी माई मंदीर के समीप नहर किनारे छापेमारी कर भारी मात्रा में लावारिस स्थिति में उत्तर प्रदेश निर्मित विदेशी शराब बरामद किया है। उक्त जानकारी देते हुए बंजरिया थानाध्यक्ष इन्द्रजीत पासवान ने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप किसी कारोबारी को उपलब्ध कराने के लिए गिराया गया है. जिसपर सत्यापन बरामदगी के लिए थाना पुलिस व जवान के साथ उक्त स्थान पर पहुंच छापेमारी की गयी, जहां कुल 1105.920 मिली लीटर विभिन्न कम्पनियों का विदेशी शराब बरामद किया गया। वही कारोबारी फरार बताया गया जिसकी पहचान की जा रही है।छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष श्री पासवान के अलावे पीएस आई त्रिभुवन कुमार, किशन कुमार पासवान सहित सशस्त्र बल व स्थानीय चौकीदार शामिल थे। वही दूसरी तरफ उत्पाद विभाग की टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर करीब 610 बोतल देशी कस्तूरी शराब के साथ दो कारोबारी सहित एक टाटा सूमो व एक मोटर साईकिल बरामद किया है। इस दौरान टीम तुरकौलिया थाना क्षेत्र के सपही मूसहरी टोला के समीप छापेमारी कर एक टाटा सूमो जिसका रजिस्ट्रेशन नं०BRO6PC/1225 पर लदे 510 पीस नेपाली देशी कस्तूरी शराब बरामद किया है। वही कारोबारी भागने में सफल रहा जिसकी पहचान की जा रही है। वहीं टीम कुंडवाचैनपुर थाना क्षेत्र के खरुही रेलवे ढाला के समीप छापेमारी कर एक मोटरसाईकिल सहित दो कारोबारी को 100 पीस नेपाली कस्तूरी देशी शराब सहित दबोच लिया है। दबोचा गया कारोबारी थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी मुन्ना कुमार व श्याम सुन्दर कुमार बताया गया है जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी का नेत्रत्व निरीक्षक मद्धनिषेध दीपक कुमार सिंह स्वयं कर रहे थे। जबकि टीम में दारोगा सद्दाम हुसैन, जमादार धर्मेन्द्र झा एएस आई लव पासवान व गृहरक्षक शामिल थे।

# वक्फ बोर्ड की जमीन पर ही बनेगा अल्पसंख्यक विद्यालय व छात्रावास

चा० भूमि मधुबनी



» उसौथू में विद्यालय व छात्रावास निर्माण कार्य ससमय शुरू नहीं किया गया तो होगा आंदोलन

मधुबनी जिले के बिस्फी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उसौथु में प्रस्तावित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय व छात्रावास निर्माण कार्य रोक लगाने की मांग को लेकर स्थानीय भाजपा विधायक हरी भूषण ठाकुर (बचौल) के धरना प्रदर्शन के बाद से प्रशासनिक व राजनेतिक लोगों के बीच चर्चाओं का माहौल गरम हैं। इसी बीच बिस्फी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी परवेज हसन (दानिश) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर कहा कि बिस्फी में उसौथू सहित अन्य जगहों पर कनीज फातिमा वक्फ की करीब 20 एकड़ भूमि हैं, परन्तु वक्फ कमिटी की लापरवाही के कारण पिछले कई वर्षों से भू माफियाओं व स्थानीय लोगों के द्वारा अवैध रूप से वक्फ की जमीन को कब्जा किया जाता रहा है।

बिहार सरकार अल्पसंख्यक विभाग द्वारा अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय व छात्रावास निर्माण को लेकर पांच एकड़ भूमि अतिक्रमण मुक्त कराया गया ताकि भवन निर्माण का कार्य शुरू किया जा सके, यह सब देखकर स्थानीय भाजपा विधायक के द्वारा बेवजह विद्यालय के कार्य को यह बोलकर रोका जा रहा है कि बहुसंख्यको की आबादी के बीच अल्पसंख्यक विद्यालय नहीं बनने दूंगा। मुख्यमंत्री को लिखें पत्र में दानिश ने सरकार से आग्रह किया है कि विद्यालय का काम अविलंब शुरू कराया जाए साथ ही साथ ही कनीज फातिमा वक्फ स्टेट बोर्ड की करीब 20 एकड़ जमीन को बाउंड्री करवा कर भू माफियाओ से बचाया जाए।

दानिश ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रस्तावित स्थान पर ही अल्पसंख्यक विद्यालय व छात्रावास बने ताकि बिस्फी प्रखंड सहित आसपास के इलाके में रह रहे अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र- छात्राओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना न करना पड़े साथ ही सरकार को जताते हुए कहा कि अगर ससमय कार्य आरंभ नहीं किया गया तो सरकार एक बड़े आंदोलन को देखने के लिए तैयार रहे।

## दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोड़ों पर

चा० भूमि मोतिहारी



बरियारपुर दुर्गापूजा समिति हर साल की भाती इस साल भी दुर्गा पूजा धूमधाम से बनाया जा रहा है आपको बताते चले की यहां हिंदू मुस्लिम मिलकर एक साथ देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। वर्ष 2000 से विजय गुप्ता द्वारा दुर्गा पूजा की शुरुआत की गई थी l दुर्गापूजा हर वर्ष नये - नये लुक देकर भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस बार पूजा समिति द्वारा महाराष्ट्र के कृष्ण मंदिर के तर्ज पर पूजा पंडाल बनाया जा रहा है।, जो श्रद्धालु भक्तजनों को आकर्षित करेगा। पंडाल व मूर्ति का निर्माण स्थानीय स्तर के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है।वही कोषाध्यक्ष केदार पासवान ने बताया कि इस बार पंडाल के निर्माण में लगभग आठ से नौ लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रतिदिन मजदूर काम कर रहे हैं और पंडाल को बेहतर रूप देने में लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2000 में जहांगीर अंसारी के पिता मौलादीन अंसारी ने 500 रुपये चंदा देकर इस पूजा का शुभारंभ अपने जमीन पर करायी थी। तभी से यहीं पूजा होता चला आ रहा है। यहां हिंदू का पर्व हो या मुस्लिम का सभी एक साथ मिलकर मनाते है।वही मौके पर अध्यक्ष विक्की पाण्डेय सचिव संजय कुमार, सदस्य हरिन्द्र सिंह, आकाश शर्मा आदित्य राज सहित दर्जनों सदस्य पूजा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। इस आशा की जानकारी मीडिया प्रभारी विवेक कुमार ठाकुर ने दी।

## रक्सौल की बेटी अक्षरा गुप्ता का बिहार अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन

चा० भूमि रक्सौल



महिला क्रिकेट में अपनी प्रतिभा के बल पर रक्सौल का नाम रौशन करने वाली रक्सौल की बेटी अक्षरा गुप्ता का चयन बिहार अंडर-19 क्रिकेट टीम में हुआ है। अक्षरा गुप्ता चेन्नई में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के द्वारा 1 अक्टूबर से आयोजित होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में बिहार की टीम में शामिल हुई है। अक्षरा गुप्ता का सेलेक्शन बतौर सलामी बल्लेबाज टीम में किया गया है। चेन्नई में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों की अंडर-19 टीम शामिल होगी। उसी में बिहार की टीम के तरफ से अक्षरा गुप्ता शामिल होगी। रक्सौल निवासी राजकिशोर साह व रीना गुप्ता की पुत्री अक्षरा गुप्ता रक्सौल के डंकन स्कूल की छात्रा है। साथ ही, मेहनत के बल पर उसने काफी मुकाम हासिल किया है। बिहार की टीम में जगह मिलने के बाद खुशी का इजहार करते हुए अक्षरा गुप्ता ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्टेट टीम में मुझे जगह मिली है। अपने बेहतर प्रदर्शन को जारी रखते हुए, मेरी सोच यह है कि आगामी टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। इससे पहले भी ट्रॉयल मैच के दौरान अक्षरा गुप्ता ने बैटिंग और गेंदबाजी के माध्यम से काफी बेहतर प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी लगातार प्रैक्टिस के बल पर अक्षरा गुप्ता ने बिहार की टीम में जो जगह बनायी है, उससे रक्सौल के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों की माने तो यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि रक्सौल की बेटी एक राष्ट्रीय मंच पर क्रिकेट के माध्यम से रक्सौल और बिहार का नाम रौशन करेगी। वहीं अक्षरा गुप्ता के माता-पिता ने भी इस सेलेक्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमे उम्मीद है कि अक्षरा अपने बेहतर प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए समाज का नाम रौशन करेगी।

## पेंशनर्स एसोसिएशन हक के लिए संघर्ष जारी रखेगा

चा० भूमि मधुबनी



आज पेंशनर्स एसोसिएशन मधुबनी जिला का तीसरा सम्मेलन बासोपट्टी मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया, इस सम्मेलन में सबसे पहले राजेन्द्र नारायण ठाकुर ने झंडातोलन कर शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित किए और कॉमरेड सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता राजेन्द्र नारायण ठाकुर ने किया जबकि सम्मेलन मंच का संचालन विजय कुमार यादव ने की, सम्मेलन सत्र का उद्घाटन पेंशनर्स एसोसिएशन के राज्य महामंत्री रामेश्वर सिंह ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्याध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि आज महंगाई चरम सीमा पार कर चुकी हैं। नीतीश/मोदी की सरकार पेंशनर्स लोगों को भारी कटौती कर रहा है, पेंशनर्स आज भारी संकट की दौर से गुजर रहा है। सरकार कोरोना काल का भी भुगतान नहीं कर रही, कोरोना काल से ही कर्मचारी ने लोगों को बचाने का काम कर रही थी और सरकार महंगाई भत्ता भी नहीं दिया, मोदी सरकार कर्मचारी, किसान मजदूर विरोधी सरकार है।

पेंशनर्स अपने हक़ के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस सम्मेलन को रामेश्वर सिंह, रामस्वारथ सिंह, रामायण सिंह, परमेश्वर प्रसाद महतो, किसान नेता सिटु मधुबनी प्रभारी दिलीप झा ने संबोधित किया। आगे बता दे कि इस सम्मेलन में 21 सदस्य पदाधिकारी का सर्वसम्मति से चूना गया है। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष मो इदरीस, सचिव दयानंद झा, विनय झा, विक्रम यादव, राम चंद्र साह, महेश्वर शर्मा, रामप्रिय पांडे, मोतीऊर रहमान, राम प्रसाद साह, जय कुमार मेहता, योगेन्द्र प्रसाद, श्याम नारायण सिंह , राजेन्द्र नारायण ठाकुर, नवो नारायण झा, राम प्रवोध चौधरी सभी सर्वसम्मति से कमिटी का गठन किया गया। इस सभा को संबोधित अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के रमण प्रसाद, आंनद मोहन चौधरी, विश्वनाथ शर्मा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया और कहा कि 24 सितंबर को पटना प्रतिरोध मार्च में सैकड़ों पेंशनर्स एसोसिएशन के साथी रैली में भाग लेंगे।

# शादी का झांसा देकर घर से भगाने के मामले में एसएसबी ने दो लड़कियों को बचाया

चा० भूमि जयनगर



» सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई दोस्ती में शादी के लिये भागी थी दोनों युवतियां

जयनगर अनुमंडल क्षेत्र की सशस्त्र सीमा बल एसएसबी ने बेगूसराय जिले की दो लड़की और समस्तीपुर के दो लड़कों को रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में पाए जाने, तथा पूछताछ करने के दौरान एक लड़की और लड़के की मुलाकात सोशल मीडिया इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म के माध्यम से हुई, जहां से बातचीत के दरम्यान दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हुए। आगे बता दे कि लड़के के द्वारा अपने दोस्त के साथ मिलकर लड़की को शादी का झांसा देकर घर से भगाया गया था। बता दें यह घटना कल दिनांक 21/09/2024 दिन शनिवार की है। जब सशस्त्र सीमा बल के जवानों के द्वारा जयनगर रेलवे स्टेशन पर पैट्रोलिंग कर रहे थे, उसी समय सन्देह होने पर उन्होंने युवक और युवतियों को रोककर पूछताछ किया गया। पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि लड़की अपनी चचेरी बहन के साथ अपने परिवार की सहमति के बिना घर से भागी थीं। जब लड़के ने उसे शादी करके सूरत में रहने का वादा देकर इस कदम के लिए प्रेरित किया था। आगे एसएसबी के द्वारा तलाशी लेने के उपरांत दोनों लड़कों और लड़कियों के पास नही तो कोई पैसे थे, ना ही कोई सामान पाया गया। उसी वक्त जयनगर 48वीं वाहिनी के जवान ने तुरंत कार्यवाही करते हुए दोनों को रेलवे पुलिस (जीआरपी) के हवाले कर दिया गया। जीआरपी के द्वारा दोनों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कारवाई जारी है। आगे बताते चलें कि इस घटना ने एक बार फिर से सोशल मीडिया पर सवालियां निशान लगाते हुए और बढ़ती गलतफहमियों और बिना सोचे- समझे लिए गए फैसलों को गंभीरता से वाहिनी के जवानों ने उजागर किया। बता दें कि पुलिस और सुरक्षा बलों के मुस्तैदी और सतर्कता से स्थिति को संभालने पर लड़की को सुरक्षित उसके घर परिवार को सौंपने की प्रक्रिया जारी की गई।

## महोदीपुर व लालसरैया में छापेमारी कर पुलिस ने शराब किया जब्त

चा० भूमि मझौलिया



» आबकारी विभाग की व मझौलिया पुलिस की छापेमारी से शराब कारोबारियों में हड़कम्प

लालसरैया एवं महोदीपुर में रविबार के दिन ड्रोन कैमरे से निगरानी कर उत्पाद विभाग व मझौलिया पुलिस ने भारी मात्रा में चुलाई शराब विनष्ट किया तथा 25 लीटर चुलाई शराब बरामद किया। हालांकि इस छापेमारी में धंधेंबाज फरार होने में सफल रहे। छापामारी का नेतृत्व एसएचओ अखिलेश मिश्र और उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से की। उत्पाद अधीक्षक श्री कुमार ने बताया कि संयुक्त छापेमारी में साढ़े तीन हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब विनष्ट करते हुए पच्चीस लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। जबकि शराब कारोबारी भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया।जिसके तहत मझौलिया थानाक्षेत्र के महोदीपुर एवं लालसरैया में ड्रोन कैमरे के माध्यम से छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब को विनष्ट किया गया है। उंन्होने कहा कि धंधेबाजों को चिन्हित कर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बहरहाल पुलिसिया कार्रवाई से धंधेबाजों में हड़कम्प है।

# बैंक मैनेजर से लूटी गई बाइक बरामद अपराधी पकड से बाहर

चा० भूमि गौनाहा



» घटनास्थल से एक पिस्तौल का खाली खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद

बेलसंडी बैंक के सहायक बैंक मैनेजर पंकज कुमार को गोली मार कर लूटी गई बाइक को रविवार के सुबह घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी से गन्ने की खेत के किनारे से बरामद कर ली गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए मटियरीया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास ने बताया कि लक्ष्नौता गांव के ग्रामीणों द्वारा यह सूचना मिली कि हरदी बेलहवा व लक्ष्नौता गांव के मुख्य सड़क में गन्ने के खेत के किनारे एक बाइक लावारिस अवस्था में पड़ी हुई है। बाइक की चाबी गाड़ी में ही लगी हुई है। सूचना के बाद पुलिस ने बाईक को बरामद कर लिया। घटनास्थल के समीप से पुलिस ने पिस्तौल का एक खाली खोखा तथा एक जिंदा कारतूस भी बरामद की है। गौनाहा थानाध्यक्ष विनोद कुमार, मटीयरिया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास व बेतिया पुलिस सुबह 6 बजे से दिन के करीब 10 बजे तक घटनास्थल पर पहुंचकर काफी खोजबीन की है।

विदित हो की शनिवार को सहायक बैंक मैनेजर पंकज कुमार बिलसंडी ग्रामीण बैंक से ऋण वसूली कर राशि बैंक में जमा कर रात्रि करीब 7 बजे नरकटियागंज स्थित अपने किराए के डेरा में जा रहे थे। भुसकी चौक से होते हुए हरदी बेलहवा व लक्ष्नौता गांव के मुख्य सड़क पर पहुंचे इसी बीच सुनसान रास्ते में तीन लोगों ने बाइक को हाथ देकर रोकना चाहा। जिसके बाद अपराधियों ने सहायक बैंक मैनेजर पर गोली चला दी। गोली उनके बाएं हाथ में लगी। उनके बाइक के पीछे उनका मैसेंजर भारतेंदु भी बैठा हुआ था। दोनों लड़खड़ाकर गिर पड़े। इसी बीच अपराधी मैनेजर का बैग, बाइक बैंक की चाबी उनका पैन कार्ड, आधार कार्ड व नगद 2000 रुपए लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मटियरीया पुलिस को दी। गश्ती टीम उस समय भुसकी चौक पर मौजूद थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल शाखा प्रबंधक को लेकर गौनाहा रेफरल अस्पताल पहुंची। अस्पताल में उनकी प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु उन्हें बेतिया रेफर कर दिया गया। उनके रेफर होने के तुरंत बाद डीएसपी जयप्रकाश सिंह अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि गौनाहा व मटियरीया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों की संख्या उन्होंने तीन बताई। इधर मटियरीया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास का कहना है कि सहायक बैंक मैनेजर की ईलाज बेतिया अस्पताल में हो रही है। बेतिया से पुलिस उनका फर्द ब्यान लेकर मटियरीया थाना में सुपुर्द करेगी। तो मटियरीया थाना में फर्द ब्यान के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

इस घटना में अजीब बात यह रही कि घटनास्थल को लेकर मटियरीया व गौनाहा पुलिस आपस में उलझी हुई थी। गौनाहा व मटियरिया पुलिस सुबह में घंटो इस बात को लेकर उलझी रही की घटना स्थल किस थाना क्षेत्र में है। घटना स्थल को गौनाहा थाना मटियरीया थाना क्षेत्र में बता रही थी। जबकि मटियरीया पुलिस घटनास्थल को गौनाहा थाना क्षेत्र बता रही थी। स्थानीय अमीन को बुलाया गया तो उसने घटनास्थल को मटियरिया थाना क्षेत्र में बताया। तब जाकर विवाद सुलझा। मटियरीया पुलिस घटना कि छानबीन में जुट गई है।

# चेन्नई टेस्ट में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रन से हराया, सीरीज में 1-0 से ली बढ़त

एजेंसी, चेन्नई

भारतीय टीम ने रविवार को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश को 280 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी। इसके बाद भारतीय टीम ने 227 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी में बल्लेबाजी की और चार विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इस तरह भारत की कुल बढ़त 514 रन की हो गई थी और बांग्लादेश को 515 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में रविवार को चौथे दिन सुबह बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई और मैच हार गई। इसी के साथ भारतीय टीम ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।





रविवार सुबह बांग्लादेश ने चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो और ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने सधी शुरुआत की। दोनों ने पहले एक घंटे में बिना कोई विकेट खोए करीब 35 रन जोड़े। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद मैच की कहानी पलट गई। अश्विन ने पहले शाकिब को पवेलियन भेजा। शाकिब ने 25 रन बनाए। फिर रवींद्र जडेजा ने लिटन दास को कैच आउट करा दिया। लिटन मात्र एक रन बना सके। इसके बाद अश्विन ने मेहदी हसन मिराज (8) को आउट कर टेस्ट में 37वीं बार पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की। जडेजा ने नजमुल हुसैन शांतो को आउट कर बांग्लादेश को 8वां झटका दिया। शांतो ने आठ चौके और तीन छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। फिर अश्विन ने तस्कीन अहमद को पवेलियन का रास्ता दिखाया। वह पांच रन बना सके। अंत में जडेजा ने हसन महमूद को 7 रन पर क्लीन बोल्ड कर बांग्लादेश की पारी 234 रन पर समेट दी। इससे पहले शनिवार को जाकिर हसन 33 रन, शदमान इस्लाम 35 रन, मोमिनुल हक 13 रन और मुशफिकुर रहीम 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे। भारत की तरफ से दूसरी पारी में रविचन्द्रन अश्विन ने 6 विकेट लिए, जबकि रविन्द्र जडेजा ने तीन विकेट और जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट अपने नाम किया।

### भारत ने दूसरी पारी 287 रन पर की थी घोषित

भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 4 विकेट पर 287 रन बनाकर घोषित की थी। दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शानदार शतक लगाया। पंत ने 109 रन बनाए, जबकि गिल 119 रन बनाकर नाबाद रहे। पंत ने 128 गेंदों पर 13 चौके और 4 छक्के की बदौलत 109 रन बनाए। गिल 176 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की बदौलत 119 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि केएल राहुल 19 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर नाबाद रहे। इनके अलावा दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा 5 रन, यशश्वी जायसवा 10 रन, विराट कोहली ने 17 रनों का योगदान दिया। दूसरी पारी में बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन मिराज ने 2, तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 1-1 विकेट लिये।

### 149 रनों पर सिमट गई थी बांग्लादेश की पहली पारी

बांग्लादेश की पहली पारी 149 पर ही सिमट गई थी। बांग्लादेश के लिए पहली पारी में शादमान इस्लाम 02 रन, जाकिर हसन 03 रन, कप्तान नजमुल हसन शांतो 20 रन, मुश्फिकुर रहीम 08 रन और मोमिनुल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए थे। शाकिब अल हसन ने 32 और लिटन दास ने 22 रन बनाए थे। मेहदी हसन मिराज 27 रन बनाकर नाबाद रहे थे, जबकि तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 11-11 रनों का योगदान दिया था। भारतीय टीम की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिये थे।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 376 रन

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। स्टार ऑलराउंडर रविंचद्रन अश्विन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 133 गेंदों पर 113 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 2 छक्के और 11 चौके लगाए। वहीं रवींद जडेजा ने भी अच्छी पारी खेली और बेहतरीन 86 रन बनाए। जडेजा ने अपनी पारी में 2 छक्के और 10 चौके लगाए। इनके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 39 रन, केएल राहुल 16 रन, रोहित शर्मा 6, विराट कोहली 6, जसप्रीत बुमराह 7, आकाश दीप ने 17 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की ओर से पहली पारी में हसन महमूद ने 5 विकेट, तस्कीन अहमद ने 3, मेहदी हसन मिराज और नाहिद राना ने 1-1 विकेट लिये।

# बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय टीम ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश की टीम को 280 रनों से हरा दिया है और दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इसी बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। दोनों टीमों के बीच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। जो टीम पहले मैच के लिए घोषित की गई थी, वही टीम दूसरे टेस्ट मैच के लिए भी बरकरार रखी है। प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस मैच के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। माना जा रहा था कि बुमराह को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम में बरकरार रखा है। सरफराज खान, विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, तेज गेंदबाज यश दयाल, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और स्पिनर कुलदीप यादव भी दूसरे टेस्ट के लिए टीम में बरकरार हैं। इन सभी को पहले मैच में खेलने का मौका नहीं मिल पाया था। अब देखना होगा कि कानपुर टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में कोई बदलाव होता है या इसी टीम के साथ भारतीय टीम उतरने का फैसला करेगी।

**दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम** : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

## कलिकेश नारायण सिंह बने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष

एजेंसी, नई दिल्ली

कलिकेश नारायण सिंह देव को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) का नया अध्यक्ष चुना गया है। 21 सितंबर 2024 को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हुए अध्यक्षीय चुनावों में उन्हें 36 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंदी, वी.के. ढल को 21 मत प्राप्त हुए। राजस्थान उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश अनिल देव सिंह की निगरानी में चुनाव संपन्न हुए, जो चुनाव अधिकारी (आरओ) थे। एनआरएआई की एक विशेष आम सभा बैठक चुनाव कराने के लिए बुलाई गई थी। 67 पात्र सदस्यों में से 57 सदस्यों ने गुप्त मतदान के माध्यम से अपने वोट डाले। कलिकेश नारायण सिंह को 12 महीने की अवधि के लिए अध्यक्ष चुना गया है।

## यूएई की पिच घरेलू मैदान जैसी, हमें मिलेगा फायदाः मिताली



**एजेंसी, नई दिल्ली**। भारतीय महिला क्रिकेट की पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि 3 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भारत को अन्य टीमों के मुकाबले ज्यादा फायदा होगा क्योंकि यूएई की पिच घरेलू मैदान जैसी ही हैं। आईसीसी ने बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण इसे यूएई के दुबई और शारजाह में कराने का फैसला लिया है। मिताली ने कहा कि यूएई की परिस्थितियां भी काफी अनुकूल हैं इसलिए हम कह सकते हैं कि हमारी टीम को फायदा मिलेगा लेकिन पूर्व बल्लेबाज ने आत्ममुग्धता से बचने की हिदायत दी क्योंकि हर टीम टूर्नामेंट के लिए पूरी तैयारी कर रही है और मजबूत इरादों के साथ मैदान में उतरेगी। आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय महिला टीम को अभी अपना पहला वैश्विक खिताब जीतना बाकी है। मिताली ने कहा कि भारतीय महिला टीम ने अभी तक अंडर-19 विश्व कप के अलावा कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं चाहूंगी कि टीम अच्छा खेले क्योंकि जब हम विश्व कप में जाते हैं तो हर किसी की तरह हम भी अपनी टीम को जीतते हुए देखना चाहते हैं। भारतीय महिला टीम अपने अभियान का आगाज 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। भारत को ग्रुप-ए में आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा है।

# व्यापार

# प्राइमरी मार्केट के लिए रिकॉर्डतोड़ महीना बनेगा सितंबर, आईपीओ के जरिये 28 कंपनियों की होगी एंट्री

एजेंसी, नई दिल्ली




घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी मार्केट में सितंबर का महीना एक रिकॉर्ड तोड़ महीना साबित होने जा रहा है। इस महीने आईपीओ लॉन्चिंग के मामले में जोरदार तेजी आई है। शेयर बाजार के मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट में इस महीने कुल 28 कंपनियां एंट्री करने जा रही हैं, जो पिछले 14 साल का एक रिकॉर्ड है। भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर बुलेटिन में इस बात की जानकारी दी गई है।

बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ की गतिविधियों में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाले कंपनियों में निवेशकों की दिलचस्पी का बढ़ना है। घरेलू म्युचुअल फंड कंपनियां भी इसमें बड़ी भागीदारी कर रही हैं, जिसके कारण सब्सक्रिप्शन रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया है। बुलेटिन में ये भी बताया गया है कि निवेशकों को अलॉट किए गए शेयरों का 54 प्रतिशत हिस्सा आईपीओ की लिस्टिंग के एक हफ्ते के अंदर ही बिक गया। ये बात बाजार के बेहतर माहौल की ओर इशारा करती है।

रिजर्व बैंक के बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ लॉन्चिंग की संख्या बढ़ने से प्राइमरी मार्केट की हलचल तो बढ़ी ही है, बाजार में पहले से लिस्टेड कंपनियां वर्किंग कैपिटल जुटाने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) का विकल्प भी चुन रही हैं। इस साल जनवरी से अगस्त के दौरान 8 महीने में क्यूआईपी के जरिए 60 हजार करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई जा चुकी है।

आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय बाजार में ग्लोबल फंड्स की भी रुचि बढ़ी है और मई के बाद उन्होंने भारतीय डेट मार्केट में लगातार पैसे लगाए हैं। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार के सूचकांकों में लगातार तेजी बनी हुई है। मार्केट आउटलुक भी बुलिश बना हुआ है, जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी और सेकेंडरी दोनों मार्केट की स्थिति बेहतर बनी हुई नजर आ रही है। इसका असर बड़ी कंपनियों के साथ ही छोटी और मझोली कंपनियों के आईपीओ के जरिये प्राइमरी मार्केट में उतरने के रूप में नजर भी आ रहा है।

## हवाई टिकट के भाव बढ़े, दीवाली पर यात्रियों को देना होगा ज्यादा किराया

**एजेंसी, मुंबई**। दीवाली के आसपास फ्लाइट टिकट तेजी से महंगे होते जा रहे हैं। एयरलाइन्स की बुकिंग में भी लगभग दोगुना उछाल आया है। एक रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार दीवाली की फ्लाइट बुकिंग्स में करीब 85 फीसदी की तेजी आई है। लोग औसतन 27 दिन पहले ही अपना टिकट बुक कर ले रहे हैं। किराया भी लगभग 15 फीसदी बढ़ चुका है। पिछले साल हवाई किराया दीवाली से एक हफ्ते पहले तक दोगुना हो चुका है। ऐसे आशंका जताई जा रही है कि इस साल भी किराया तेजी से उछाल मारेगा। एयरलाइन्स को सबसे ज्यादा बुकिंग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, गुवाहाटी, जयपुर, चेन्नई, लखनऊ, पोर्ट ब्लेयर और पटना जैसी जगहों की मिल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गुवाहाटी के लिए सबसे ज्यादा 386 फीसदी बुकिंग बढ़ी है। लोग त्यौहार पर अपने घर जाने के लिए लालायित हैं। इसके बाद जयपुर के लिए 306 फीसदी और पटना के लिए 271 फीसदी बुकिंग बढ़ी हैं। अन्य शहरों की बुकिंग में भी तेज उछाल जारी है। एक ट्रेवल वेबसाइट ने अगस्त से ही दीवाली फ्लाइट्स की बुकिंग के लिए विशेष अभियान चला दिया था। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि जल्द ही किराया बढ़ने वाला है। बताया जा रहा है कि दीवाली के आसपास बुकिंग लगभग 15 फीसदी बढ़ गई है। दीवाली के अलावा छठ पूजा और गोवर्धन पूजा तक फ्लाइट टिकट हर साल काफी महंगे रहते हैं।

# सर्राफा बाजार में तेजी से सोना-चांदी के बढ़े भाव, 76 हजार के पार पहुंचा सोना

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना आज 76 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर या इसके आस पास कारोबार कर रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 76,080 रुपये से लेकर 75,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 69,750 रुपये से लेकर 69,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में आज तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 75,930 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 69,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 75,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 76,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 69,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 75,980 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 69,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 76,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 75,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 69,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## जेईएम ने कारोबार को बढ़ाने के लिए लेनदेन शुल्क में भारी कटौती की, नई दरें प्रभावी

एजेंसी, नई दिल्ली




सार्वजनिक खरीद पोर्टल जेईएम ने गवर्नेंस के 100 दिन पूरा होने के अवसर पर कारोबार को बढ़ावा देने के लिए अपने पोर्टल पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेन-देन शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेईएम) पोर्टल की नई राजस्व नीति 9 अगस्त, 2024 से प्रभावी हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेईएम) ने हाल में अपने प्लेटफॉर्म पर लेन-देन करने वाले विक्रेताओं या सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेन-देन शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की है। मंत्रालय ने कहा कि जेईएम की नई नीति के अनुसार 10 लाख रुपये तक के सभी ऑर्डर पर अब शून्य लेन-देन शुल्क लगेगा, जबकि पहले ऑर्डर मूल्य की अधिकतम सीमा 5 लाख रुपये थी। इसी तरह 10 लाख रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक के ऑर्डर पर कुल ऑर्डर मूल्य का 0.30 फीसदी लेन-देन शुल्क लगाया जाएगा, जबकि पहले 0.45 फीसदी लेन-देन शुल्क लगता था। इसके अलावा 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर अब 3 लाख रुपये का फ्लैट शुल्क देना होगा, जो पहले 72.5 लाख रुपये तक के लेन-देन शुल्क से बहुत कम है। मंत्रालय के मुताबिक जेईएम पर लगभग 97 फीसदी लेन-देन पर अब कोई लेन-देन शुल्क नहीं लगेगा, जबकि शेष 10 लाख रुपये से अधिक के ऑर्डर पर मूल्य का 0.30 फीसदी की दर से मामूली शुल्क लगेगा, जो अधिकतम 3 लाख रुपये तक होगा, चाहे ऑर्डर का आकार कुछ भी हो। यह कदम जेईएम पर व्यापार करने में आसानी के मामले में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह लेन-देन की लागत में कमी लाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप भी है।

## आरबीआई के गवर्नर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



एजेंसी, नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात का विस्तृत ब्यौरा अभी नहीं मिला है। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट जारी एक बयान में कहा कि आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने राजधानी नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस मुलाकात की तस्वीर भी साझा की।

## डीएफएस सचिव नागराजू ने डीआरटी विनियम 2024 से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की

एजेंसी, नई दिल्ली



वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने शनिवार को यहां आयोजित ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरणों (डीआरएटी) के अध्यक्षों और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) के पीठासीन अधिकारियों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस बैठक में डीआरटी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इस सम्मेलन के दौरान लंबित मामलों को कम करने, सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, वसूली को अनुकूलित करने, निपटान नीति तैयार करने और नए डीआरटी विनियम 2024 को अपनाने सहित डीआरटी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तथा वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। डीएफएस सचिव एम. नागराजू ने डीआरएटी के अध्यक्षों और डीआरटी के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान डीआरटी के कामकाज से संबंधित सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही वसूली प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए इस बात पर सहमति बनी।

# नगर निगम बोर्ड की बैठक मे काफी गहमागहमी होने के आसार

**जानकारी के अनुसार इस सम्बंध में रविवार को नगर के एक निजी होटल में लगभग 25 पार्षदों की घंटों चली बैठक**

चा० भूमि बेतिया

नगर निगम महापौर ने सोमवार 23 सितंबर को होने वाली नगर निगम बोर्ड की बैठक में विचार के लिए 27 नगर पार्षदगण के चार प्रस्तावों के अनुरोध पत्र में शामिल करने पर नगर आयुक्त को एक तर्क संगत पत्र लिखा है। जिसमें उल्लेख किया है कि विभाग स्तर से पूर्ववर्ती आउट सोर्सिंग एजेंसी सफाई एजेंसी (पाथेय) का अनुबंध रद्द करने की कार्रवाई के साथ सशक्त समिति को विभागीय प्रावधानों के अनुरूप नई एनआईटी बना कर निविदा प्रक्रिया के तहत एजेंसी के चुनाव का आदेश दिया था। जिसका अनुपालन होने के बाद नगर आयुक्त के स्तर से उक्त एनआईटी पर विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए अकारण भेज दिया गया। जिस पर कोई भी दिशा निर्देश अब तक प्राप्त नहीं हो सका है। इसके अलावे नगर विकास एवम आवास विभाग के उप सचिव (श्री राजेश कुमार तिवारी) स्तर से विगत 02 सितंबर 2024 को जारी पत्र में बिहार भर के सभी नगर निकायों में आगामी तीन माह तक साफ सफाई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था में यथा स्थिति की व्यवस्था को प्रभावी बनाने रखने के विभागीय निर्णय और निर्देश है। जिसपर विस्तार से उल्लेख करते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने लिखा है कि उपरोक्त दोनों कारणों से फिलहाल इसके लिए आउट सोर्सिंग एजेंसी चयन की नयी एनआईटी तैयार करना दोनों बार के विभागीय आदेशों का स्पष्ट उलंघन होगा। श्रीमती सिकारिया ने यह भी कहा है कि उक्त सितंबर 2024 में प्राप्त विभागीय पत्र के कंडिका तीन में साफ सफाई संबंधी संसाधन/वाहन खरीद करने की अनुमति विभाग के नियमानुसार दी गई है। इसको लेकर पूर्व में जारी अधोहस्ताक्षरी निर्देश पर आप के द्वारा नगर निगम में उपलब्ध संसाधन और आवश्यकता का सम्यक आंकलन करने के लिए एक कार्यबल गठित कर दिया गया है। उक्त कमेटी के अध्ययन प्रतिवेदन पर आपकी अनुशंसा के आलोक में विभागीय दिशा निर्देश लेकर बोर्ड की आगे की बैठकों में विचार किया जाएगा।



**» जबकि महापौर श्रीमती सिकारिया ने 27 पार्षदगण के पत्र में वर्णित कुल चार में दो प्रस्तावों पर चर्चा की बात कही है**

महापौर श्रीमती सिकारिया ने पार्षदगण के पत्र में वर्णित कुल चार में दो प्रस्तावों में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना और मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना की अर्हता के आलोक में योजनाओं पर चर्चा आगामी 23 सितंबर 2024 को आहूत नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक में योजनाओं की समीक्षा और निर्णय के एजेंडे में को ही विस्तार देते हुए चर्चा एवम विचार की अनुमति प्रदान कर दी है।

## कचरा प्रोसेसिंग निर्माण में अनियमितता पर भड़के ग्रामीण

चा० भूमि मैनाटाड़



प्रखंड के सगरौवा महुअवा पंचायत के भलुवहिया में बन रहे कचरा प्रोसेसिंग यूनिट भवन निर्माण में अनियमितता को लेकर वार्ड सहित ग्रामीण भड़क उठे। वार्ड सदस्य विवेक कुमार बैठा के नेतृत्व में एक जुट होकर निर्माण स्थल पर पहुंचे और घटिया सामग्री को लेकर विरोध जताया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बीडीओ दीपक राम को आवेदन देकर जांच करते हुये कारवाई की मांग की है। अनियमितता पर आक्रोशित वार्ड सदस्य विवेक कुमार बैठा, नरेश पंडित, रामायण यादव, नागेंद्र दास, रामअवध दास, रमेश पंडित आदि ने बताया कि भलुवहिया में कचरा प्रोसेसिंग यूनिट बनने का काम शुरू हुआ तो भवन के नींव कार्य में ही अनियमितता बरती जा रही है। भवन निर्माण में बिना अभिकर्ता और जेई के रहते घटिया ईट से जिससे कोई अपना घर का नींव कभी बना ही नहीं सकता है उस घटिया ईट से कचरा प्रोसेसिंग यूनिट भवन के नींव कार्य को किया जा रहा है। बालू जो लगाया जा रहा है वो तो बिल्कुल निम्न स्तर का है। उस बालू से अपना कोई घर नहीं भरता है। उस बालू से काम हो रहा है। आक्रोशित लोगों ने बताया कि जब कचरा प्रोसेसिंग यूनिट के भवन की नींव में ही अनियमितता बरती जा है तो उस भवन के भविष्य का क्या होगा। मुखिया पति से कहने पर कहते हैं कि जहां जाना है वहां जाईये। भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत बीडीओ से कर जांच करते कार्रवाई की मांग की गयी।

इधर बीडीओ दीपक राम ने कहा कि ग्रामीणों के आवेदन के आलोक में भवन निर्माण के नींव कार्य में लगायें जा रहे घटिया ईंट को वहां से हटाया जायेगा। प्राक्कलन के अनुसार ही काम पूरा होगा अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

## महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा के जन्मदिन पर रविन्द्र शर्मा ने दी बधाई

चा० भूमि बेतिया



अखिल भारतीय राजीव गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार शर्मा ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लाम्बा को उनके जन्म दिन पर शुभकामनाओ के साथ साथ बधाई दिया है। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा है कि, देश में महिला सशक्तिकरण गति एवम दिशा देने में श्रीमति अलका की अहम भूमिका हैं। देश के कोने कोने में उन्होंने महिलाओं को अपने हक हकूक के लिए खड़ा होने के लिए जागृति लाने का सराहनीय प्रयास किया है। उनकी प्रेरणा जागृति से देश के वैसे इलाको की महिलाओं में शक्ति का संचार हुआ हैं। जो दो चार लोगों के बीच बोलने में झिझक होती थी, अब वे मंचो पर धडले से भाषण देती हैं। श्री शर्मा ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए नेतृत्व क्षमता में नित्य विकास हो इसके लिए शुभकामनाएं दी हैं।






# पत्नी द्वारा बहन के साथ मिलकर पति की हत्या का मामला आया सामने

चा० भूमि बगहा

चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित कोल्हुआ – चौतरवा गांव में शनिवार की रात पति पत्नी के बीच विवाद व झगड़ा में आक्रोशित पत्नी ने अपने नाबालिक बहन के सहयोग से अपनी पति की हत्या कर दी तथा हत्या कर खुन से लथपथ शव को घर के बाहर दरवाजे पर फेक दी। रविवार की सुबह जब पडोसियों ने शव को देख अचंभित हो गए तथा घटना की सुचना चौतरवा थाने की पुलिस को दी। घटना की सुचना मिलतें ही थानाध्यक्ष संजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे, घटनास्थल की छानबीन कर स्थानीय लोगों से गहन पूछताछ की तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा।



उन्होंने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान उक्त गांव के शमशेद उर्फ लल्लू उम्र लगभग 40 वर्ष के रुप में हुई है। चौतरवा थानाध्यक्ष ने बताया कि पति व पत्नी के बीच झगड़ा को लेकर मारपीट हो गई थी तथा आक्रोशित पत्नी ने अपने नाबालिक बहन के सहयोग से अपने पति पर बखुआ से हमला बोल दी। सर पर गंभीर चोट आ जाने से मौके पर ही शमशेद की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अभियुक्त महिला व उसकी नाबालिक बहन घर पर ही थी जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। चौतरवा थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा जा रहा है। वही गांव में घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं जोरों पर शुरु है।

## क्या बगहा दो सीडीपीओ पर कार्रवाई

चा० भूमि बगहा

घटिया गैस चूल्हा आपूर्ति मामले में डीपीओ ने बगहा दो सीडीपीओ सावित्री दास को जबाब तलब करते हुए स्पष्टीकरण मांगते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना जवाब देने का निर्देश दिया है।

डीपीओ के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रो को गैस चुला की आपूर्ति आईसीडीएस कार्यालय के द्वारा की गई थी जो चूल्हे गुणवत्ता पूर्ण नहीं थे साथ ही चूल्हा आईएसआई मार्क का भी नहीं था। डीपीओ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि घटिया गैस चूल्हा की आपूर्ति कर कार्यालय द्वारा सरकारी राशि का बंदरबाट किया गया है।

## पुलीस के द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान

चा० भूमि बगहा

एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग में तेंगराहा पुल के समीप नगर थाना की पुलीस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिस दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को रुक कर डिक्की ड्राइवरी लाइसेंस, प्रदूषण, इंश्योरेंस समेत अन्य कागजों की जांच कर जुर्माना वसूला गया। इस दौरान कई वाहन चालक अपना रास्ता बदलते दिखे। इस जांच अभियान में नगर थाना के एएसआई अकदार अहमद समेत अन्य पुलीस बल मौजूद रहें। बताते चले कि बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज के आदेश के आलोक में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।









## इंडो नेपाल बॉर्डर से शराब की बोतलों के साथ एक धराया

चा० भूमि मैनाटाड़

पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने इंडो-नेपाल बॉर्डर से भारी मात्रा में शराब की खेप को जप्त किया है। साथ में एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुरुषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से शराब की खेप लेकर धंधेबाज भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के फिराक में है। त्वरित कार्रवाई करते हुए चमरी माई स्थान के समीप पुलिस बल को कारवाई के लगाया गया। इसी दौरान माथे पर बोरा लिए चमरी माई मंदिर के पास से कुछ लोग रविवार के अहले सुबह आते दिखाई दिये। जब उक्त लोगो को पुलिस ने रोकना चाहा तो सभी व्यक्ति माथे पर लिये बोरें को फेंक कर भागने लगे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दौड़कर भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। हालांकि कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहें। वही पुलिस ने जब बोरे की जांच की तो जांच के दौरान 300 एमएल के 1524 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब तथा 60 लीटर देसी चुलाई शराब पाया गया। वही शराब के साथ धराया धंधेबाज परसा जिला नेपाल के लंगडी थाना अंतर्गत टिहुकी गांव निवासी धनंजय ठाकुर उर्फ कुलदेव ठाकुर है। मामले में पांच अन्य अज्ञात को भी नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि धराये धंधेबाज के विरुद्ध कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत बेतिया भेज दिया गया है।



# भाजपा के बिहार इकाई के कंट्रोलर ने तुषार सिंह को मोदी मित्र का किताब देकर किया सम्मानित

चा० भूमि बगहा

विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने पूरे हिन्दुस्तान में अपने पार्टी की मजबूती के लिए देश भर में सदस्यता आभियान चला रही है। इसी कड़ी में बिहार भाजपा इकाई के पार्टी नेताओं की भी इस ज़िम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। वही बगहा विधान सभा के बगहा थाना क्षेत्र के डुमरिया निवासी भाजपा के युवा पीढ़ी के संघर्सशील नेता श्वेतमणि कुमार सिंह उर्फ तुषार सिंह ने अपने क्षेत्र का दौरा कर सम्मानित जनता की समस्याओं से अवगत हो निराकरण करने के साथ भाजपा सदस्यता अभियान को चलते हुए 4000 प्लस सदस्यों को जोड़ा है इसको लेकर भाजपा के बिहार इकाई के कंट्रोलर ने तुषार सिंह को मोदी मित्र का किताब देकर बगहा को सम्मानित किया है इसके साथ ही बिहार के घनश्याम कुमार को 1400 प्लस तथा इंजीनियर सत्येंद्र कुमार ग्यारह सौ प्लस भाजपा के सदस्यों को पार्टी के हित में जोड़ा जिसको लेकर इनको भी मोदी मित्र का खीताब देकर भाजपा इनको भी सम्मानित किया है। इस दौरान भाजपा नेता तुषार सिंह ने कहा कि इस गौरवशाली खीताब से बगहा विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कारण है कि विधानसभा क्षेत्र में डोर टू डोर प्रत्येक घरों में सम्मानित जनता से मिलकर उनके हित में कार्य किये जा रहे हैं। जिसको लेकर भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी के तरफ लोगों का रुझान काफी बेहतर ढंग से हो लगातार बढ़ रहा है। हालांकि भाजपा सदस्यता अभियान के तहत मुझे पंद्रह से बीस हजार सदस्यों को एक साथ जोड़ कर भाजपा का मंत्र के रुप में सबका साथ, सबका विकास को सही चरितार्थ करना है।











# तिरूवाह संघर्ष समिति की बैठक मे आंदोलन का निर्णय



चा० भूमि मझौलिया

रविबार को जमींदारी बांध की मरम्मत, चौड़ीकरण और पक्कीकरण को लेकर तिरूवाह विकास संघर्ष समिति पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण इकाई ने आंदोलन का बिगुल फूंका। हरपुर गढ़वा पंचायत के पिपरपाती पुल के समीप तिरवाह विकास संघर्ष समिति की सम्पन्न बैठक की अध्यक्षता

जिला पार्षद मो. जियाउद्दीन ने की। जिसमें तिरवाह की समस्या बाढ़ से निजात दिलाने के लिए जमींदारी बांध की मरम्मत, पक्कीकरण तथा चौड़ीकरण करने की मांग उठी।

**» तिरूवाह संघर्ष समिति की बैठक में जमींदारी बांध की मरम्मत व चौड़ीकरण की मांग को लेकर आंदोलन का निर्णय लिया गया**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ओमप्रकाश क्रांति ने कहा कि प्रस्तावित बांध निर्माण तिरवाह वासियो के लिए घातक है जो आने वाली पीढ़ी को बर्बाद कर देगी। इसलिए संगठित होकर इस निर्माण पर रोक लगाने के लिए संघर्ष करें तथा सेमरा से डुमरी तक एक पैदल मार्च निकालकर जनता को जगाने का प्रयास करे। माले नेता सुनील कुमार राव और कांग्रेस जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे ने कहा कि प्रस्तावित बांध इलाके के लिए विनाशकारी होगा। हम लोग इस इलाके के बचाव के लिए सड़क से सदन तक संगठित होकर संघर्ष करें।

जिला पार्षद मो. जियाउद्दीन, डॉ अनवारुल हक, अब्दुल बारी, मोहशीन हाफिज, शेख जुगनु, शेष सुदर्शन यादव, मो अफाक हक आदि ने अपने -अपने बिचारो को साझा किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

## स्वच्छता अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाई गई

चा० भूमि वाल्मीकिनगर

एसएसबी की 21वीं बटालियन गंडक बैराज के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत वृहत मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। यह मानव श्रृंखला एसएसबी चेक पोस्ट से तीन आरडी पुल चौक के बीच बनाया गया जिसमे एसएसबी के अधिकारी, जवान सहित 250 महिला और पुरुष शामिल हुए।

इस अवसर पर जयंत बोरा, प्रदीप कुमार मंडल, अश्वनी, गिरवर सिंह, सीता राम, एल टंडन, अमित कुमार, आरक्षी अमित, जितेंद्र व अन्य शामिल रहे।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा। सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714